अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुरादाबाद, सोमवार 8 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 292 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 21 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावे की रकम को लेकर उठाए गंभीर सवाल पेज 2




मुल्लांपुर टेस्ट: भारत ने कसा अफगानिस्तान पर शिकंजा खेल टाइम्स



गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर सम्पादकीय



उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती, परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे पेज 12

## रसोई गैस ने दिया एक और महंगाई का झटका

# LPG सिलेंडर ₹29 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा हो गया है। नई दरें रविवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 रुपये का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपये महंगा हो गया है।



**दिल्ली में अब 942 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर**

**तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई**

**तीन महीने में कुल 89 रुपये बढ़े**

सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद भारत में एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लागत (कास्ट टू सप्लाई) 1,600 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर-रिकवरी (नुकसान) हो रही है। इस अंडर-रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां झेल रही हैं, जिसकी आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाती है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 41,338 करोड़ रुपये थी।

# नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी**
- **एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा, किस एग्जाम के लिए किया**

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्सपर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं।

नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं। एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है।

### नीट के तथ्य सामने लाने के लिए राहुल गांधी ने की सार्थक की प्रशंसा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में तथ्य सामने लाने वाले 18 वर्षीय सार्थक और उसके साथी निसर्ग की सराहना करते हुए कहा है कि देश की युवा शक्ति सत्ता और शासन से सवाल पूछने और सच उजागर करने का साहस रखती है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सार्थक मात्र 18 वर्ष का है, लेकिन उनकी सोच, साहस और सिद्धांत किसी से कम नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का निधन



**कोच्चि।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का शनिवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। अमृता हॉस्पिटल के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सलीम कुमार को शनिवार को बुखार और सांस लेने में तकलीफ एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका गहन इलाज के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से देर रात 10:43 बजे निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और दो बेटे, चंदू और आरोमल हैं। उनके पार्थिव शरीर को रविवार सुबह से अंतिम संस्कार से पहले लोगों के श्रद्धांजलि देने के लिए पारवूर टाउन हॉल में रखा जाएगा।

### बागपत में तैनात घूसखोर डीएसओ व एआरओ निलंबित

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में तैनात रहे जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अनूप तिवारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) जोगेंद्र सिंह को आठ दिन पूर्व हुए रिश्वत प्रकरण मामले में शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। दरअसल, पिलाना ब्लॉक के ग्राम बुढ़सैनी निवासी राशन डीलर नरेंद्र सिंह से खाद्यान्न वितरण के कमीशन के नाम पर 29 मई को जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने 40 हजार और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने 10 हजार रुपये लिए थे। उसी समय विजिलेंस की टीम ने छापामारी कर डीएसओ को कार्यालय से ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एआरओ टीम हापुड़ जनपद के ग्राम निजामपुर स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया था।

### इंडिया गठबंधन की बैठक आज, शामिल होंगे 23 दल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की सोमवार (आज) को यहां होने वाली बैठक में 23 दलों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित इस बैठक में इंडिया गठबंधन के 23 दल शामिल हो रहे हैं।

## सरकार ने ट्रेलर देखा कॉकरोच क्या कर सकते हैं, लेकिन बात खत्म नहीं हुई: अभिजीत

छत्रपति संभाजीनगर, वार्ता

**कॉकरोच जनता पार्टी** (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।'

दीपके ने कहा कि शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ने सरकार को एक ट्रेलर दिखाया है। बात अभी खत्म



- **आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते**

नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा। सीजेपी फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे इंस्टाग्राम लाइव पर फालोअर्स को संबोधित करेंगे। संबोधन कब होगा, यह नहीं बताया है। जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता। धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी पीढ़ी के साथ अन्याय किया है। वे अगर इस्तीफा नहीं देते, तो 13 जून को फिर प्रदर्शन होगा।

## टीएमसी नेता का सिर मुंडवाया, जूते की माला पहनाकर परेड निकाली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। भाजपा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी एक्स पर शेयर किए हैं। हावड़ा के अमरदाहा गांव में ग्रामीणों ने टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाकर उन्हें जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलता था।

### मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**नई दिल्ली।** मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

## बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

- **बंगाल में रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन**
- **बॉर्डर पर दोनों देशों में एक जैसा तनाव**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है।

ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है।



# मुर्गों से लदा वाहन पेड़ से टकराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** बालकिशनपुर चौराहे के समीप आज तड़के एवं दर्दनाक सड़क हादसे में मुर्गों से भरी पिकअप सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में वाहन के परिचालक (हेल्पर) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं।

पुलिस के अनुसार रामपुर जनपद के मिलक शाहाबाद क्षेत्र से मुर्गों की खेप लेकर एक पिकअप रामपुर की ओर जा रही थी। आज सुबह करीब छह बजे जब वाहन बालकिशनपुर चौराहे के निकट पहुंचा, तो अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और पिकअप सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पिकअप में सवार सुरेंद्र सिंह उर्फ सनी (48 वर्ष), निवासी मौहल्ला नसीराबाद मिलक, जनपद रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। वहीं



### परिचालक की मौत

चालक जितेंद्र कुमार, निवासी गांव पटवई, थाना मिलक, को मामूली चोटें आईं।

सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

# कब्र से शव निकाल कर पीएम को भेजा

## पत्नी ले लगाया जमीन के लालच में पति की हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ग्राम सदरुद्दीन नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां जमीन हड़पने के लालच में एक व्यक्ति की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगा है। न्याय की गुहार लगा रही पत्नी की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को कब्र से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तराखंड निवासी इशरत जहां का निकाह करीब (30 वर्ष) पूर्व सदरुद्दीन नगर निवासी जुल्फकार के साथ हुआ था। इशरत जहां का आरोप है कि तीन महीने पहले गांव का ही एक युवक उनके पति जुल्फकार को अपने साथ ले गया था। अगले दिन जब वह वापस लौटा, तो जुल्फकार मृत अवस्था में था।परिजनों का आरोप है कि जुल्फकार की मौत की परिस्थितियां संदिग्ध थीं और किसी को भी मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया। आनन-फानन में अगले ही दिन शव को दफना दिया गया, जिससे मृतक की पत्नी को गहरा संदेह हुआ। इशरत जहां ने इस मामले में डीएम से शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति की हत्या जमीन हड़पने की नीयत से की गई है, जिसमें उन्हें जबरन शराब पिलाकर मौत के घाट उतारा गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम के आदेश पर शनिवार को प्रशासन की टीम हरकत में आई और नायब तहसीलदार राजकमल व नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ कब्र की खुदाई की गई। भारी संख्या में जुटे ग्रामीणों के बीच मृतक जुल्फकार के शव को बाहर निकाला गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही जुल्फकार की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एक नजर

## चेयरमैन ने डम्पिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार को चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने अचानक डम्पिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुलालवली में स्थित नजीबाबाद नगर पालिका के डंपिंग ग्राउंड का भ्रमण किया गया है। जहां डंपिंग ग्राउंड में आए हुए वेस्ट से सूखा वेस्ट व गीला वेस्ट अलग-अलग किया जाता है, सूखे वेस्ट को रीसाइकल किया जाता। मौके पर एसआई, नगर पालिका कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, वार्ड मेंबर, राकेश जुनेजा, सहल खान, अजमल खान, हाशिम अहमद आदि मौजूद रहे।

## 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**नहटौर।** मौहल्ला मीरा की सराय स्थित मदरसा मिस्बाहुल उलूम में एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप क्षेत्र की दिवंगत शख्सियतों की स्मृति में समर्पित था, जिसमें 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप के दौरान अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम ने मरीजों की आंखों, ब्लड प्रेशर और शुगर (मधुमेह) की नि:शुल्क जांच की। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के समापन पर, उन सभी दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिनकी याद में इस कैंप का आयोजन किया गया था। मौलाना नफीस ने सभी दिवंगत आत्माओं की शांति और मगफिरत के लिए विशेष दुआ कराई। इस आयोजन को सफल बनाने में रब्बानी अंसारी, आफताब अहमद, डा. अनस अहमद, डा. आसिफ अंसारी, डा. शारिक खलील, आमिर अंसारी, तारिक रब्बानी, शाहरुख, कफील अंसारी, कारी लईक अंसारी, शादाब, शाद, शमीम बीलो, रईस उस्मानी, फुरकान अहमद, जियाउद्दीन अंसारी, उमर अख्तर, उबैद और नवेद एड. सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय योगदान दिया।

## मुस्सेपुर पाली में जनसंपर्क कार्यक्रम




**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन के संगठन विस्तार अभियान के तहत ग्राम मुस्सेपुर पाली में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भारतीय किसान यूनियन की विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ग्रहण की। मुस्सेपुर पाली में चौधरी सुरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में संगठन को मजबूती देने पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान चौधरी बृजपाल सिंह, नीरज कुमार, नितिन कुमार, भूपेंद्र कुमार उर्फ मोनू, कपिल कुमार, गजराम सिंह, देवेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू, रोहित कुमार और नेपाल सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाकियू की सदस्यता ली। बैठक में चौधरी सुरेंद्र सिंह, मुकेश चेयरमैन, देवेंद्र सिंह, मोनू, सितम सिंह, विकास, दीपक कुमार और देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार और आगामी रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया कि 15, 16, 17 और 18 तारीख को हरिद्वार में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। सभी नए और पुराने सदस्यों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है, ताकि संगठन की भावी रणनीति पर चर्चा की जा सके। इसके अतिरिक्त, कल (आज) नहटौर स्थित मन्नत मैरिज हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपस्थित सभी सदस्यों को इस पंचायत में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस पंचायत में किसानों की समस्याओं और संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर जिला स्तरीय रणनीति तय की जाएगी।

# गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान : डॉ. नसीमुद्दीन हाशमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए मौहल्ला मिल्कियान निवासी हाशमी नर्सिंग होम के संचालक डा. नसीमुद्दीन हाशमी उर्फ डा. नहटौरी ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाएं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। इसलिए विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

डा. नसीमुद्दीन हाशमी ने बताया कि सुबह लगभग 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक धूप का प्रभाव सबसे अधिक रहता है। इस दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि किसी जरुरी से बाहर जाना पड़े, तो सिर को कपड़े टोपी या छाते से अवश्य ढकें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को तेज धूप में खेलने के लिए न भेजा जाए। विशेष रूप से ऐसे बच्चे, जो शारीरिक रूप से कमजोर हैं। जिनमें कैल्शियम की कमी है या जो किसी प्रकार की मानसिक अथवा शारीरिक कमजोरी से जूझ रहे हैं। उन्हें गर्मी से अधिक खतरा हो सकता है। ऐसे बच्चों में अत्यधिक गर्मी के कारण चक्कर आना, बेहोशी या दौरे जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए अभिभावकों को उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखनी चाहिए। हाशमी नर्सिंग होम के



संचालक डा.नसीमुद्दीन हाशमी ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर से पसीने के रूप में लगातार पानी और आवश्यक लवण बाहर निकलते रहते हैं। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी, नींबू पानी, छाछ, लस्सी, नारियल पानी तथा अन्य तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। बाहर से आने के तुरंत बाद अत्यधिक ठंडा पानी पीने से भी बचना चाहिए।

डा. नसीमुद्दीन हाशमी ने कहा कि बुजुर्गों, हृदय रोगियों, उच्च रक्तचाप के मरीजों और मधुमेह से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, अत्यधिक प्यास, चक्कर, सिरदर्द, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तत्काल चिकित्सकीय सहायता दिलानी चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी को हल्के में न लें और अपने परिवार के सदस्यों विशेष रूप से बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। समय रहते बरती गई छोटी-छोटी सावधानियां गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकती हैं।

# भाजपा नूरपुर मंडल की मासिक बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** भाजपा नूरपुर मंडल की मासिक बैठक सहकारी गन्ना समिति नूरपुर में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला महामंत्री नरेश भाटी उपस्थित रहे।

मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने पटका पहनाकर नरेश भाटी का स्वागत किया। जिला महामंत्री नरेश भाटी ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। बैठक के उपरांत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के निमित सहकारी गन्ना समिति नूरपुर में पौधारोपण किया गया। नरेश भाटी ने कहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में



### सहकारी गन्ना समिति में पौधारोपण

पार्टी का हर एक कार्यकर्ता बूथ कमेटी को मजबूत करने में मदद करें। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा फिर से प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा सरकार में हर वर्ग का व्यक्ति सुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधियों ने अपराध करना छोड़ दिया। भाजपा सरकार में कानून का राज है। बैठक में मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, मंडल महामंत्री वीरप्रकाश भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सैनी, प्रमोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश चौहान, सुरेंद्र पाल, विनोद वाल्मीकि, डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह, ठकरी सिंह, प्रणय मनु, ईशमपाल चौधरी, पुनित चौधरी, हरभजन सिंह, आलिशा हुसैन सिद्दीकी, राजीव जोशी, डा. नफीस गुलरेज अंसारी, वरिष्ठ भाजपा नेता जुगनू चौधरी, तकदीश अंसारी, सचिन चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव का जन्मदिन मनाया

### मुजफ्फरनगर आवास पर पहुंचे व्यापारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल का जन्मदिन मुजफ्फरनगर स्थित उनके आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर बिजनौर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ केक काटा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी भी की।



सभी ने मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कपिल सर्राफ के पुत्र हर्षित सर्राफ नजीबाबाद, व्यापार संगठन के जिला मंत्री हिमांशु शर्मा, नीरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता चांदपुर, तहसील प्रभारी अजय कुमार कौशिक और रांबी गुप्ता सहित कई व्यापारी, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, शहर के गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी और उद्योग. पति मौजूद थे। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बिजनौर सहित आसपास के कई जिलों से साथियों, शुभचिंतकों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और व्यापारी बंधुओं ने व्यक्तिगत रूप से और सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं भेजी हैं। मंत्री ने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें समाज की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को सेवा और सुशासन का बताया, साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दस वर्ष के कार्यकाल का भी उल्लेख किया।

# अखिलेश यादव पर बरसे ओपी राजभर

## राजभर समाज की 6 हत्याएं गिनाकर सपा चीफ को दी खुली चनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सवाल उठाया कि पीडीए की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी राजभर समाज के लोगों के साथ हुई इन घटनाओं पर खुलकर आवाज क्यों नहीं उठाती। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति का दावा करती है, लेकिन राजभर समाज के लोगों के साथ हुई हिंसक घटनाओं और हत्याओं पर चुप्पी साध लेती है।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पोस्ट की शुरुआत सीधे अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए की। उन्होंने लिखा कि



**सपा राजभर समाज के लोगों के साथ हुई आपराधिक घटनाओं पर आवाज क्यों नहीं उठाती**

पीडीए की माला जपने वाले नेता राजभर समाज के मुद्दों पर मौन क्यों हैं? उन्होंने दावा किया कि पिछले एक वर्ष में राजभर समाज से जुड़े जिन हत्या के मामलों की चर्चा हुई, उनमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई। उन्होंने गिनवाया कि 26 जनवरी 2025, को श्रावस्ती के पूरेमंशाराम गांव में संजय राजभर की हत्या का मामला आया था। राजभर का दावा है कि इसमें एक सपाई का नाम सामने आया। 16 जनवरी 2026 को जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में सुनील राजभर की हत्या के मामले में जीशान के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।14 फरवरी 2026 को महराजगंज के श्यामदेउरवा में 15 वर्षीय अंकुश राजभर की हत्या का जिक्र किया, जिसमें रामनरेश यादव का नाम आया था। 28 मार्च 2026 को बाराबंकी के टिकैतनगर में आइसक्रीम विक्रेता बबलू राजभर की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें शंकर यादव पर आरा. `प लगा था। 20 अप्रैल 2026 को देवरिया के भटनी क्षेत्र में सूरज राजभर की हत्या का जिक्र हुआ था, जिसमें अशोक यादव का नाम आया था। 29 मई 2026 को मऊ के हलधरपुर में राजजन्म राजभर की हत्या का मामला, जिसमें रामबदन यादव का नाम आया था।

# दिल्ली में एसआईआर पर पैनी नजर रखेगी कांग्रेस

**हर बूथ पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को ट्रेनिंग देकर किया जा रहा तैयार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सटीक, पारदर्शी और सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। वहीं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एसआईआर को लेकर पैनी नजर रखे हुए है। एसआईआर के दौरान किसी भी बूथ पर ऐसे मतदाता का वोट न कटे, जो बीजेपी को वोट न देता हो। बूथों पर वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखने के लिए बीएलए-1 और बीएलए-2 बनाए गए हैं। साथ ही उनको ट्रेनिंग देकर के तैयार किया जा रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज अत्रेय ने बताया कि दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली में संभावित एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के मद्देनजर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश गर्ग द्वारा बीएलए-1 के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उदेश्य एसआईआर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने और संभावित वोट चोरी की आशंकाओं को रोकना है। अनुज अत्रेय ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बीएलए-1 साथियों को ट्रेनिंग दी गई है।

# इंडिया गठबंधन के पास कोई विजन नहीं, सिर्फ डिविजन है: बीजेपी

नई दिल्ली, वार्ता

इंडिया अलायंस की 8 जून की बैठक से पहले बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि इस गठबंधन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी है, जो इसे केवल कागजी बना रही है। उन्होंने झारखंड, बंगाल और तमिलनाडु में सहयोगियों के बीच मतभेदों का भी हवाला दिया। यह बैठक दिल्ली में होनी है।

इस बैठक पर बीजेपी के नेता निशिकांत दुबे, शहजाद पूनावाल सहित बीजेपी के कई नेताओं का बयान सामने आया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अब इंडिया गठबंधन में कौन है? सीपीएम कह रही है कि हम साथ नहीं हैं, मैं रांची से आ रहा हूं, जहां जेएमएम कह रही है कि हम दूसरा उम्मीदवार उतारेंगे, डीएमके अलग सीट पर जाकर बैठ गई है और तृणमूल

**बैठक से पहले गरमाई सियासत, इंडिया गठबंधन की बैठक पर बोला बड़ा हमला**

कांग्रेस का तो कोई अता-पता ही नहीं है। इस गठबंधन का कोई अस्तित्व ही नहीं है। पूनावाल ने कहा कि इस इंडिया गठबंधन का कोई मकसद नहीं है, इसमें केवल डिविजन है। राज्यसभा सीट को लेकर जेएमएम और कांग्रेस के बीच झगड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीपी(एसपी) शायद बैठक में शामिल नहीं हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये गठबंधन सिर्फ कागजों पर है, लेकिन वास्तविकता में कहीं पर भी नहीं है। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में भगदड़ मची हुई है, इनमें आपस में समन्वय नहीं है और एनडीए एकजुट है। इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये जो इंडिया गठबंधन है, वो रुष्ट राजनी. तिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा है। यदि कोई गठबंधन रुष्ट राजनीतिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा हो, तो आपको इसी तरह के हालात और नजारे दिखाई देंगे। वे भी अच्छे से जानते हैं कि उनका 'जुगाड़ का जमघट', 'जनादेश के पनघट' से कोसों दूर है, लेकिन फिर भी वे जुगाड़ का जमघट करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुभकामनाएं हैं, ये लोग प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने की बात करते हैं, लेकिन आपस में भिड़ने में इनका ज्यादा समय जाता है।

# सड़क दुर्घटना में एसीएमओ की मौत

## स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बैराज रोड पर हुए सड़क हादसे में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसीएमओ डॉ. महेंद्र सिंह की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद के मौहल्ला मकबरा निवासी डॉ. महेंद्र सिंह वर्तमान में धर्मनगरी अस्पताल में तैनात थे। स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले डॉ. महेंद्र सिंह वर्ष 2019 में जिले में नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके थे। वह अपने शांत स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पण के लिए विभाग में विशेष पहचान रखते थे।

बताया गया कि रविवार सुबह वह अकेले बाइक से बैराज मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान मेरिटा स्कूल के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

डॉ. महेंद्र सिंह की आयु करीब 60 वर्ष थी और वह कुछ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। सेवानिवृत्ति के बाद शासनादेश के तहत उनकी सेवाओं का विस्तार भी किया गया था। उनके बड़े भाई नरेश सिंह सेवानिवृत्त जज हैं। परिवार में उनकी मौत से गहरा सदमा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डॉ. महेंद्र सिंह के निधन की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया। उनके सहयोगियों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार अधिकारी बताते हुए उनके निधन को विभाग की क्षति बताया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा।

# दो बहने स्मैक के साथ गिरफ्तार

## गैस सिलेंडर में छिपा रखी थी स्मैक और नकदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौहल्ला मिर्दगान बी-10 में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सगी बहनों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 111.54 ग्राम स्मैक और 88 हजार 950 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उपनिरीक्षक अंकुर पाल अपनी टीम के साथ शनिवार रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे चांदपुर चुंगी पर मुखबिर से सूचना मिली कि मिर्दगान बी-10 में बिलाल मस्जिद वाली गली के पास दो महिलाएं नशीला पदार्थ बेच रही हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो दो युवक पुलिस को देखकर भाग निकले, जबकि मौके पर मौजूद दोनों महिलाओं को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में महिलाओं ने अपने नाम रहनुमा उर्फ नूरी (24 वर्ष) और तब्बसुम (30 वर्ष) पुत्री फरीद निवासी मिर्दगान बी-10 बताए। दोनों ने बताया कि वह सगी बहनें हैं और उनकी शादी नहीं हुई है। पिता की बीमारी और घर का खर्च चलाने के लिए वह स्मैक बेचने का काम कर रही थीं। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक पुड़िया 400 रुपए में बेची जाती थी।

एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत क्षेत्राधिकारी नगर की मौजूदगी में महिला पुलिसकर्मियों ने दोनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से स्मैक की डलियां और छोटी-छोटी पुड़ियां बरामद हुईं। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर कुल 50.35 ग्राम स्मैक डली और 61.19 ग्राम स्मैक पुड़ियों के रूप में मिली। इसके अलावा दोनों के पास से कुल 88 हजार 950 रुपये नकद भी बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद माल को अलग-अलग सील कर उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कराई और एनडीपीएस एक्ट की धारा 52-ए के तहत इन्वेंट्री तैयार की। रात का समय होने के कारण सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में दोनों महिलाओं को उनके घर पर महिला पुलिस की निगरानी में रखा गया और रविवार सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के कारोबारी अब नए-नए तरीके अपना रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नशीला पदार्थ घर के भीतर अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था और ग्राहकों को छोटी पुड़ियों में बेचा जाता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों बहनों को स्मैक की आपूर्ति कौन करता था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। चांदपुर चुंगी पर हुई इस कार्रवाई के बाद शहर में एक बार फिर नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल छोटे कारोबारियों की गिरफ्तारी से समस्या का समाधान नहीं होगा। पुलिस को उन बड़े तस्करों तक पहुंचना होगा, जो युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं और पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे हैं।

## मंडावली में अल्फाज गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने ग्राम जटपुर बौंडा निवासी अल्फाज पुत्र अतीक को गिरफ्तार किया है। वादी ने छह मई को मंडावली थाने में अल्फाज सहित फैजान पुत्र अतीक कस्सार एवं सूफियान पुत्र इरशाद के विरुद्धउसकी नाबालिग पुत्री के अपहरण एवं गलत काम करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# कोल्डड्रिंक पीने से परिवार की हालत बिगड़ी

## परिवार के आठ सदस्य अचेत, उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम शफीपुर नंगली में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ही परिवार के आठ लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सभी ने बीती रात भोजन करने के बाद कोल्डड्रिंक का सेवन किया था। हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव निवासी शाकिब, अमरीन, शबीना, सादमा, शाद, फैज, जैद तथा कासिफ आदि ने बीती देर शाम भोजन के उपरांत कोल्डड्रिंक पी थी। इसके बाद सभी अपने-अपने कमरों में सो गए। आज सुबह काफी देर तक किसी के बाहर न आने पर परि. जनों और पड़ोसियों को चिंता हुई। घर के अंदर जाकर देखा तो सभी की हालत खराब थी और वे अचेत अवस्था में पड़े मिले।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने प्राथमिक जांच और उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिजनौर भेज दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मामला खाद्य विषाक्तता (फूड प्वाइजनिंग) से जुड़ा माना जा रहा है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

चिकित्सक का कहना है कि मरीजों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## खेत में टूटे पड़े हाईवोल्टेज तार के करंट से युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** ग्राम खलीलापुर उर्फ खिरनी में बिजली विभाग की लापरवाही से खेत में टूटे पड़े हाईवोल्टेज तार की चपेट में आकर किसान का जवान बेटा मौत के मुंह में समा गया। इस घटना से गांव में शोक और उसके परिवार में मातम छा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम खलीलापुर उर्फ खिरनी निवासी जयदेव (20 वर्ष) पुत्र सतीश आज सुबह करीब 9 बजे अपने खेत पर गया था। खेत में पिछले तीन-चार दिन से 11 हजार लाइन का तार टूटा पड़ा था। जिसकी ग्रामीणों ने बिजली विभाग से शिकायत भी की हुई थी। लेकिन बिजली विभाग ने कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई और तार को नहीं जोड़ा। आज जब किसान का बेटा जयदेव अपने खेत में पहुंचा, तो खेत में पड़े हाईवोल्टेज बिजली करंट की चपेट में आ गया, करंट लगते ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से गांव में शोक व्याप्त हो गया और परिवार में मातम छा गया। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर बुलाया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# नजाकत अली मजलिस में शामिल

## संगठन को करेंगे अब मजबूत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नजाकत अली कम्भोर ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज चांदपुर में हाजी नफीस के यहां आयोजित बैठक में उन्होंने पश्चिमी उ.प्र. के अध्यक्ष महताब चौहान के हाथों सदस्यता ग्रहण की। शमशाद अहमद ठेकेदार (ठाट जट) ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर जनपद के प्रभारी शहजाद खान, प्रदेश सचिव हकीम अब्दुल सलाम खां, जिलाध्यक्ष रियाज कासमी, शाकिर, नबील, खुर्शीद अहमद, चांद हाशमी सुहेल अहमद, फिजाउर्रहमान, शाहिद मलिक, लईक अहमद अंसारी, शाकिर अहमद, जामिन, इमदाद अहमद, नबील अहमद, फहीम अहमद, मौहम्मद फरमान, जीशान अहमद, रय्यान अहमद, आतिफ एड., नसीम अहमद, मौहम्मद घसीटा, इशरत हुसैन, मौहम्मद युसूफ, फरमान अली, नोमान, फुरकान, डा. इकबाल अहमद, नन्हें खां, इरफान मलिक, नवाबुद्दीन, लियाकत उर्फ भूरे, कमाल अहमद आदि मौजूद थे।

दूसरी तरफ नजाकत अली ने कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। उन्होंने कहा कि मजलिस ही मजलूमों की आवाज बुलंद करती है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 11 जून से जनजागरण यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली, निजीकरण की समाप्ति, टीईटी की अनिवार्यता की समाप्ति और रोजगार के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। जनजागरण यात्रा एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में आयोजित की गई। वर्चुअल बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ नीरजपति त्रिपाठी ने किया।

बैठक को अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज टीईटी अनिवार्यता के कारण लाखों शिक्षकों की नौकरी खतरे में हैं। बढ़ते निजीकरण के कारण लगातार सरकारी नौकरियों में कमी हो रही है। साथ ही पुरानी पेंशन बहाल न होने से शिक्षक और कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। इसलिए अटेवा द्वारा लखनऊ के काकोरी से 11 जून सुबह 11 बजे से शहीदों को नमन कर जनजागरण यात्रा प्रारंभ की जाएगी। जो विभिन्न ब्लॉको व जनपद में जाएगी। प्रदेश महामंत्री डा. नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि अटेवा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है। उसके तहत 11 जून से जन जागरण यात्रा, 10 जुलाई से 15 अगस्त तक जनजागरण गोष्ठी और सदस्यता अभियान, 29 अगस्त को जिला मुख्यालय में शांति मार्च और 25 सितंबर को लखनऊ में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम सरकार से पुरानी पेंशन बहाली और टीईटी की अनिवार्यता के मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने और बड़ा दिल दिखाने की अपील की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष डा. आशाराम व चंद्रहास सिंह ने कहा कि आज शिक्षकों से एसआईआर से लेकर जनगणना तक सभी कार्य लिए जा रहे हैं। लंबी सेवा के उपरांत टीईटी अनिवार्यता का करना न्यायसंगत नहीं है। पुरानी पेंशन वाली के लिए संगठन दृढ़ संकल्पित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश सलाहक. ार ओम प्रकाश कनौजिया ने कहा कि बढ़ते निजीकरण से सरकारी नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन मंत्री जनार्दन शुक्ला व रजत प्रकाश ने कहा कि अटेवा पर लगातार शिक्षकों व कर्मचारियों का भरोसा बढ़ रहा है, क्योंकि अटेवा लगातार पुरानी पेंशन बहाली के साथ निजीकरण की समाप्ति और टीईटी की अनिवार्यता की समाप्ति के लिए लड़ता आ रहा है। प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सूफियान अहमद व कुलदीप सैनी ने कहा कि जनजागरण यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए सभी साथी अधिक से अधिक सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग करें। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के धर्मेंद्र गोयन व सुमन कुरील ने कहा कि जनजागरण यात्रा के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा कई गाने बनाए गए, जो शिक्षक व कर्मचारी को प्रेरित करेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी डा.राजेश कुमार ने कहा कि देश की सेवा कर रहे अर्धसैनिक बलों की पेंशन बहाल करे और बढ़ते हुए निजीकरण पर अंकुश लगाए। जनजागरण यात्रा में प्रदेश पदाधिकारियों समेत मंडल व जिलों के पदाधिकारियों से सम्मिलित होने का आह्वान किया गया।

## एक नजर

### लाइफ केयर क्लीनिक का उद्घाटन



**राजा का ताजपुर।** ग्राम रवाना शिकारपुर निवासी ग्राम प्रधान फुरकान अहमद अंसारी के भतीजे डा. अख्तर अली के पुत्र डा.ताबिश अख्तर के लाइफ केयर क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डा.नौशाद अहमद ने फीता काट कर किया इस मौके पर डा.अनीस अहमद अंसारी, डा.अख्तर अंसारी, डा. दिलशाद अहमद, असफाक अंसारी, दानिश अख्तर, तालिब अहमद, अनवार अंसारी, हाजी शाकिर, तनवीर आलम, हाजी इकबाल, माजिद अहमद, आरिफ, कादिर, अताउल्लाह आदि मौजूद रहे।

### मंडावर में शाहनवाज गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने मौहल्ला कस्साबान निवासी शाहनवाज पुत्र नसीरुद्दीन को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है। मौहल्ले के ही निवासी साबिर पुत्र नफीस अहमद ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### संगठन की मजबूती पर जोर



**नूरपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका चेयरमैन डा. महेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने डा. एमपी सिंह से जनपद में संगठन को लेकर चर्चा कर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया है। नगर पालिका चेयरमैन डा. एमपी सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को विश्वास दिलाया है कि संगठन को मजबूत कर जनपद की आठों सीटों पर भाजपा का परचम लहरा कर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। इस मौके पर उनके साथ उनके पुत्र समाजसेवी डा. गगनदीप सिंह मौजूद रहे।

### मंडावर में फैजान गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने मौहल्ला शाहविलायत निवासी फैजान पुत्र तौफीक को अपने साथियों सहित सलीम पुत्र अखलाक अहमद के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पांच अभियुक्तों को नामजद किया गया था।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : कविराज



**राजा का ताजपुर।** वरिष्ठ बसपा नेता डा.शमशाद अहमद के निवास पर जिला अध्यक्ष कवि राज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि बसपा का हर एक कार्यकर्ता बूथ कमेटी को मजबूत करने का काम करें। हर एक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करें। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा पार्टी सरकार बनाने का काम करेंगी। कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। बसपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो सर्वसमाज को साथ लेकर चलती है। बसपा सरकार में कानून का राज था। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में किसान नौजवान युवा परेशान हाल है। भाजपा सरकार में मंहगाई चरम पर है। अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। भाजपा सरकार प्रदेश में बदले की भावनाओं से काम कर रही हैं। कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष काके सिंह रवि, बसपा नगर अध्यक्ष मौलाना असरारुल हक आदि मौजूद रहे।

### आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**किरातपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर फेसबुक पर बधाई संदेश पोस्ट करने वाले एक युवक को अभद्र टिप्पणी और धमकी का सामना करना पड़ा है। पीड़ित युवक ने इस मामले में स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। स्थानीय मौहल्ला अहमद खेल निवासी मौहम्मद अजीम पुत्र इरशाद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 जून को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर अपने फेसबुक अकाउंट से एक बधाई संदेश पोस्ट किया था। आरोप है कि इस पोस्ट पर कस्बा किरतपुर के ही मौहल्ला काजियान निवासी काजी फाखिर अहमद पुत्र काजी नासिर ने एक इंतिहाई अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की। तहरीर के मुताबिक, जब पीड़ित मौहम्मद अजीम ने दोपहर करीब 2 बजे आरोपी फाखिर से मिलकर इस अमर्यादित टिप्पणी का विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से पीड़ित भयभीत है। पीड़ित युवक ने किरातपुर थाना प्रभारी से आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी काजी फाखिर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बिजलीघर पर जमकर हंगामा

## संविदाकर्मियों से मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के एम मौहल्ले में देर रात विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद कुछ लोगों द्वारा बिजलीघर पहुंचकर हंगामा करने तथा ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

बीती रात करीब 11:50 बजे मौहल्ला जमनावाला के लगभग 30 से 35 घरों की बिजली आपूर्ति अचानक बाधित हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोग आक्रोशित होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ स्थानीय बिजलीघर पहुंच गए। उस समय बिजलीघर पर एसएसओ प्रिंस, लाइनमैन आनंद तथा प्रशिक्षु जतिन कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। कर्मचारियों का आरोप है कि बिजलीघर पहुंचने के बाद इन लोगों ने कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा वहां रखे कुछ सामान को भी नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने भी ले गई। घटना के विरोध में हिमांशु, भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अंकित कुमार, रामौतार सिंह, रामवीर सिंह, दिग्विजय सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने नाराजगी जताई। कर्मचारियों का कहना है कि यदि दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। विद्युत निगम के एसडीओ अभय कुमार ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया गया है।

# नगर प्रभारी पद पर सुरेन्द्र की नियुक्ति

## राष्ट्रीय गौ-रक्षा परिषद ने सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** राष्ट्रीय गौ-रक्षा परिषद द्वारा संगठन विस्तार एवं गौवंश संरक्षण के उद्देश्यों को गति प्रदान करते हुए झालू निवासी सुरेंद्र पुत्र धन सिंह को नगर प्रभारी (झालू) पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके सामा. जिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण एवं कार्यक्षमता को देखते हुए की गई है।

नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय गौ-रक्षा परिषद के प्रदेश संयोजक (उत्तर प्रदेश) हितेश चौधरी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम निषाद के निर्देशन में जारी किया गया। नियुक्ति के साथ ही सुरेंद्र को संगठन की विचारधारा एवं संविधान के अनुरूप कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद ने आशा व्यक्त की है कि सुरेंद्र अपने क्षेत्र में गौवंश संरक्षण के प्रति जनजागरण अभियान चलाने, संगठन को मजबूत बनाने तथा परिषद के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेश संयोजक हितेश चौधरी ने कहा कि यह पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र, समाज एवं गौमाता की सेवा का दायित्व भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सुरेंद्र अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन हित में निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे।

सुरेंद्र की नियुक्ति पर क्षेत्र के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# शारीरिक शोषण और फांसी लगा कर मारने के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** एक महिला ने प्रेमी और उसके परिवार पर शारीरिक शोषण और फांसी लगाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ताजपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव के ही अमित ने करीब दो-तीन साल पहले डरा धमकाकर उसे प्रेम जाल में फंसाकर घर से भगाकर ले जाने का प्रयास किया। इस बीच उसके माता-पिता ने उसकी पड़ोस के गांव निवासी कृष्णा के साथ शादी कर दी थी, लेकिन कुछ दिन बाद अमित उसे बहला-फुसलाकर हरिद्वार ले गया। वहां उससे छह महीने मजदूरी कराकर सारा पैसा अपने पास रख लिया। जब उसने काम करना बंद कर दिया, तो उसे गलत धंधे में धकेलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर अमित उसे उसकी ससुराल छोड़ने ले गया, लेकिन ससुराल वालों ने उससे संबंध समाप्त कर लिए। वह अमित के घर रहने लगी। आरोप है कि अमित और उसके परिवार के लोगा उसके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। बीते दिनों उसे फांसी लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से आई है। पीड़िता ने तहरीर में अमित, उसके पिता राजेंद्र, भाई सोनू और सोनू की पत्नी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही और संबंध विच्छेद कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्ठी की है।

# पीडित परिवार से मिले आसपा नेता

## हरसंभव मदद का आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक दलित युवती से धामपुर के एक नर्सिंग होम में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आजाद समाज पार्टी (आसपा) के वरिष्ठ नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित युवती धामपुर के एक नर्सिंग होम में काम करती थी। आरोप है कि नर्सिंग होम के संच. ालक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती आठ माह की गर्भवती है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। सभी आरो. पियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है।

शनिवार को आजाद समाज पार्टी के प्रमुख नेता आलोक भारती और मनोज हिटलर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। आसपा नेताओं ने परिवार को आश्वासन दिया कि पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि वे हर स्तर पर मदद करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

# गढ़वाल सांसद ने डायलिसिस सेंटर को दिए 65 लाख

**नजीबाबाद।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने अपनी सांसद निधि से 65 लाख रुपये की धनराशि गोपेश्वर (चमोली जिला अस्पताल) में अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर की स्थापना के लिए दी है। इस पहल से क्षेत्र की जनता को काफी फायदा होगा। इसी बीच, नजीबाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर में डायलिसिस सेंटर की स्थापना को लेकर केंद्रीय परिवार कल्याण मंत्री भारत सरकार को एक पत्र भेजा गया है।

# गर्मी में छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी रजि. की ओर से भीषण गर्मी में राहगीरों को कुछ राहत देने की नियत से संस्था द्वारा छबील लगाकर ठंडा पानी पिलाया गया। संस्था के प्रबंधक हाजी मौहम्मद इल्तिफात (न.पा.) कर्मी के नेतृत्व में अम्बेडकर चौक पर गर्मी में राहगीरों को स्वच्छ व ठंडा जल पिलाया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से मौहम्मद नाजिर, गुफरान अहमद, इल्तिफात खर्शीद





अनवर, हाफिज अब्दुर्रहमान, विक्की मास्टर, मोहसिन अली, सरदार नवजोत सिंह सिद्धू, आबिद खान, मौहम्मद शुऐब, नादिर बेग एड., उत्तर कुमार, मौहम्मद फैज अहमद आदि मौजूद रहे।

उधर बिजनौर बाईपास रोड पर कब्रिस्तान के सामने शेख रईस



अहमद ने अपने प्रतिष्ठान सना ट्रेडर्स पर गर्मी से निजात दिलाने के मकसद से राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। इस नेक कार्य में डा. सुहैल तनवीर, मास्टर नसीम अहमद, गलीबा बाबा, अदनान अहमद, मौहम्मद आकिब शेख आदि मौजूद रहे।

# गौ रक्षा परिषद में अरुण को फिर मिली अहम जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय गौ रक्षा परिषद ने अरुण पुत्र पूरन सिंह निवासी झालू को पुन: जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति उनके सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए की गई है। परिषद के केंद्रीय कार्यालय श्री हरिहर मंदिर, बिजनौर से जारी नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि अरुण गौ संरक्षण, जनजागरण और संगठन विस्तार के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

नियुक्ति पर परिषद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अरुण को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर परिषद का मूल मंत्र ष्गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा हैष् भी दोहराया गया।

# जीआईसी रोड का निर्माण कार्य शुरू, व्यापारियों ने आभार जताया

**नजीबाबाद।** लंबे समय से खस्ताहाल पड़ी जीआईसी रोड का निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा आज से शुरू कर दिया गया है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के व्यापारियों और आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका क्षेत्र की यह सड़क काफी समय से खराब स्थिति में थी। सड़क पर गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों को आवागमन में रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। दरअसल, रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से कृष्ण टॉकीज तक इस रोड का निर्माण पहले ही शुरू किया गया था, लेकिन बीच में ही काम रोक दिया गया था। अब रुके हुए निर्माण कार्य को फिर से शुरू कर पूरा किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। व्यापारियों के अनुसार, जीआईसी रोड व्यापारिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मार्ग है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, चालक फरार

**धामपुर।** सरकथल क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। छजलैट निवासी राजपाल अपनी पत्नी सुनीता के साथ बाइक से धामपुर क्षेत्र के ग्राम कागपुर में एक रिश्तेदार के निधन पर शोक व्यक्त करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सरथल के निकट पहुंची, पीछे से आ रहे एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजपाल और उनकी पत्नी सड़क पर गिर पड़े। हादसे में राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी को भी चोटें आईं। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजपाल की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश में जुटी हुई है तथा घटना की जांच की जा रही है।

# कॉमिक्स की वो सुनहरी दुनिया

## जब जून की गर्मी में किताबों की खुशबू बसती थी : मनव्वर अंसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** नगर के मनव्वर अंसारी ने (शाह टाइम्स प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत) आज के बदलते युग व बच्चों के अवकाश समय की शैली पर रोशनी डालते हुए कहा कि गलियों, बाजारों और यहां के लोगों की कहानियों को कवर कर रहा हूं। किताबों और कॉमिक्स से मेरा नाता बचपन से है। आज जब मैं शहर के पुराने बुक डिपो के सामने से गुजरता हूं, तो 2000 के दशक का वो शोर, वो भीड़ और बच्चों की वो मासूम बेताबी आंखों के सामने तैर जाती है। उसी दौर को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना इस लेख का मकसद है।

उस समय किताबों की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ बच्चों की लगती थी। लोकप्रिय शिक्षा परिषद की कहानियों की किताबें, पंचतंत्र, अकबर-बीरबल के किस्से और कॉमिक्स के बंडल हाथों-हाथ बिक जाते थे। सहसपुर



के 'अकरम बुक डिपो' पर दशकों तक कॉमिक्स की मांग सबसे ज्यादा रही। बुक स्टोर स्वामी जानते थे - जून आ गया मतलब बच्चों की फौज आने वाली है।

**'चंपक का जादू'**

अकरम बुक एजेंसी, सहसपुर के संचालक बताते हैं कि उस समय पैदा हुए हर बच्चे की जुबान पर एक नाम था - चंपक। चींटू, चीकू, मींटू की शरारतें, जंगल की कहानियां और आखिर में मिलने वाली सीख। दो रुपये वाली चंपक खरीदने के लिए बच्चे हफ्तों तक गुल्लक में पैसे जमा करते थे। स्कूल की लाइब्रेरी में चंपक के लिए लाइन लगती थी।

**'वो सजीला वातावरण'**

दोपहर दो बजे की कड़क धूप में भी बच्चे साइकिल से बुक डिपो के चक्कर लगाते थे। नया अंक आया या नहीं? दुकान के बाहर टंगे कॉमिक्स के कवर दूर से ही बुलाते थे। नागराज, सुपर कमांडो ध्रुव, डोगा के पोस्टर देखकर रोमांच दोगुना हो जाता था। घर आकर सबसे पहले आखिरी पन्ना देखा जाता था - अगली कहानी की झलक के लिए।

**'जब किताबें देती थीं संस्कार'**

माता-पिता भी खुश थे। 'टीवी-कार्टून से दूर, बच्चा किताब पढ़ रहा है। पढ़ाई के साथ संस्कार भी मिल रहे थे।' चाचा चौधरी का दिमाग कंप्यूटर से तेज चलता था, तो साबू का गुस्सा अन्याय पर फूटता था। किताबें बच्चों को इंसान बनाती थीं, मोबा. इल सिर्फ उपभोक्ता बना रहा है। तकनीक बुरी नहीं, पर उसका गुलाम बनना खतरनाक है। आज जरूरत है संतुलन की - हफ्ते में एक दिन 'नो मोबाइल डे' और हाथ में फिर से चंपक। तभी जून की छुट्टियों का वो सुकून लौटेगा।

काश, आज के बच्चे भी जान पाते कि जून की छुट्टी का असली मतलब क्या होता था।

## एक नजर

### पिकअप ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

**धामपुर।** मझेड़ा शकरू निवासी शकील अपनी ई-रिक्शा में पांच सवारियां बैठाकर धामपुर की तरफ आ रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा दुर्गा विहार के समीप नेशनल हाईवे-74 पर पहुंची, पीछे से आ रही एक पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना की जानकारी जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राजगढ़ वन क्षेत्र में लगी आग



**नांगल सोती।** आज दोपहर करीब दो बजे राजगढ़ रेंज के अंतर्गत महमसापुर जंगल के समीप खादर क्षेत्र में प्राचीन मिट्टी के टीलों पर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग टीलों के समीप स्थित उत्तम बिहारी आश्रम के समीप पहुंच गई। आश्रम के महाराज पुरुषोत्तम दास आग लगने की सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर वीरेंद्र सिंह, गौरव, तापेंद्र सिंह, डालचंद पाल, निपेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आश्रम पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आश्रम को आग की लपटों में आने से बचाया। धीरे-धीरे आग सैकड़ों बीघा टीलों में फैल गई। गानीमत रही की आग समीप के खेतों में नहीं लगी। जिससे किसानों का भारी नुकसान होने से बच गया। आग की लपटों में आने से पेड़ पौधों और जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचा। उधर राजगढ़ वन रेंज के दरोगा योगेश कुमार का कहना है कि आग लगने की सूचना नहीं मिली है, मौके पर पहुंचकर जानकारी की जाएगी।

### उधार के पैसे मांगने पर मारपीट

**नांगल सोती।** नांगल सोती निवासी आशीष अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि 17 मई की सुबह अपने घर से दुकान पर जा रहा था। तभी आरबीएस इंटर कॉलेज के समीप ग्राम जीतपुर निवासी मनोज कुमार से अपने उधार दिए पैसे मांगे, तो मनोज ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### थाना प्रभारी ने आर्य सुगंध में लगाया पौधा



**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर स्थित आर्य सुगंध संस्थान में पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने संस्थान में पहुंचकर चंदन का पौधा लगाया। इसके बाद आश्रम में थाना प्रभारी की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई।, संस्थान में थाना प्रभारी का तिलक कर स्वागत किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के दीन दुखियों की सेवा करना पुण्य कार्य है। इस कार्य के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। इस मौके पर संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्या, प्रधानाचार्या गर्जना आर्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पांच कवि व कवयित्री सम्मानित



**नजीबाबाद।** हमारी कवि कुटिया भारतीय के प्रांगण में भारती-काव्यम की काव्य गोष्ठी में कवियों एवं कवयित्रियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में एक से बढ़कर एक छंद मुक्त कविताएं व छंदबद्ध गीत सुनाकर समाज को सार्थक संदेश दिया। श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों का संदेश दोपाई के माध्यम से अपने आध्यात्मिक ग्रंथ गीतामृतम के रचयिता श्री रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी के प्रायोजक कर्मवीर सिंह, आयोजक इंद्रदेव भारती व पांच नवोदित कवि-कवयित्री क्रमशः दारा सिंह तोमर, रविन्द्र कुमार, सुश्री प्राची शर्मा, श्रीमती कविता नामदेव एवं श्रीमती सविता राठी ने अपने प्रथम व सशक्त काव्य पाठ से सभी का दिल जीत लिया। साथ ही आक. ाशवाणी के समानुदेशती आलोक त्यागी, आचार्य फूलमाला वर्मा, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने समसामयिक विषय पर्यावरण पर बेहत. रीन रचनाएं सुनायी।

### किसान की ट्रॉली चोरी

**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी से सटे ग्राम सीरवासु. चंद में चोर किसान की ट्रॉली चोरी कर कर ली। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम सीरवासुचंद निवासी अंकित कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 06 जून की रात उसकी ट्रॉली घर के बाहर खड़ी थी। देर रात किसी समय चोर ट्रॉली चोरी कर ले गए। सुबह जब वह उठा, तो ट्रॉली गायब देखकर उसके होश उड़ गए। इसके बाद उसने अपने स्तर पर आसपास के गांवों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन ट्रॉली का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित किसान ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी गई ट्रॉली बरामद कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है। ग्रामीण राजपाल सिंह, उमेश कुमार, लोकेंद्र तथा शाहिद आदि का कहना है कि क्षेत्र में पूर्व में हुई कई चोरियों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और चोरों के हौसले बुलंद हैं। उधर, थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा चोरी गई ट्रॉली की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान के रूप में दर्ज सरकारी संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने भूमि की पैमाइश कर अभिलेखों का मिलान किया तथा अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई कराई।



राजस्व विभाग व नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई

प्राप्त समाचार के अनुसार ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित खसरा संख्या 1245 की भूमि सरकारी अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण की शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग द्वारा जांच कराई गई थी। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। संयुक्त टीम में राजस्व विभाग के लेखपाल अनिल कुमार, पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल, चेयरमैन शेख फैसल वारसी, संपत्ति लिपिक अमित कुमार, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, मौहम्मद शान सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर अभिलेखों के आधार पर भूमि की स्थिति स्पष्ट की और कब्जाधारकों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सरकारी संपत्ति पर कुछ भू-माफिया द्वारा लंबे समय से कब्जा करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। शिकायतों के आधार पर नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग कई बार अवैध निर्माण रुकवा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद लगातार सरकारी भूमि पर कब्जे के प्रयास किए जाते रहे है। लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के बाद भी कुछ लोग दोबारा कब्जा करने की कोशिश करते हैं। जिससे सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि कब्रिस्तान तक जाने वाले रास्ते पर भी कुछ स्थानों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि राजस्व विभाग और नगर पालिका इस मामले का भी संज्ञान लेते हुए कब्रिस्तान के रास्ते को कब्जामुक्त कराएं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच कराई गई थी। जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई उन्होंने कहा कि सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुरुशरण सिंह उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी गुरुशरण सिंह को उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र में उनके नाम की घोषणा होने के बाद व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से जनपद से गुरुशरण सिंह (धामपुर) को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन ने उनसे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा व्यापारिक गति. विधियों को मजबूती प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि गुरुशरण सिंह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की आवाज को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि गुरुशरण सिंह लंबे समय से व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र में उनकी पहचान एक सक्रिय एवं जनहितैषी व्यक्तित्व के रूप में रही है।

## एक नजर

### गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने अक्षिता को दी बधाई




**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब के वरिष्ठ सदस्य सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एड. संजीव अग्रवाल की भतीजी डॉ. नवनीत गर्ग पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर एवं डॉक्टर संगीता अग्रवाल की पुत्री अक्षिता गर्ग का चयन उत्तराखंड पीसीएस में राज्य वित्त अधिकारी के पद पर होने पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब के समस्त सदस्यों ने आज प्रात: सात बजे उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने इसे जनपद की ही नहीं बल्कि प्रदेश की उपलब्धि बताया। इस अवसर पर राकेश रस्तौगी, डॉ. प्रमोद कुमार, जिला बार एसो. के पूर्व जिला अध्यक्ष एड. राजीव चौहान, अशोक कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार शर्मा, राम मूर्ति गौतम, इंजीनियर चरण सिंह, दिनेश चौहान, अशोक कुमार यादव, कमल वीर सिंह, संजीव कुमार बिश्नोई, एड. गणेश ठाकुर, सोरन सिंह परिहार, संजीव कुमार बिश्नोई, शिव सिंह रावत, वीरेंद्र कुमार वर्मा, आशाराम सिंह, संतराम, अरविंद कुमार शर्मा, संजय गुर्जर एवं प्रकाश वीर रस्तौगी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

### प्याऊ का शुभारंभ



**धामपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए भारतीय जैन मिलन की महिला जैन मिलन अरिहंत शाखा द्वारा सामाजिक सेवा की सराहनीय पहल करते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ का उद्घाटन शाखा मंत्री एवं जैन सम्राट गौरव वर्ष की राष्ट्रीय संयोजिका वीरांगना सीमा जैन के निवास पर किया गया। इस मौके पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वीर पंकज जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय जैन बुकसेलर तथा क्षेत्र संख्या-3 के मुख्य संयोजक एवं अध्यक्ष सुनील वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्यासे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना एक बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक संगठनों को समय- समय पर जनहित से जुड़े ऐसे कार्य करते रहना चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने महिला जैन मिलन अरिहंत धामपुर शाखा की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। प्याऊ संचालन एवं आयोजन को सफल बनाने में महिला जैन मिलन अरिहंत धामपुर की अध्यक्ष भावना जैन, मीना जैन, नीना जैन, आराधना जैन, अंबुज जैन, अनीता जैन, रेखा जैन, शोभा जैन, बबीता जैन, अर्चना जैन, कल्पना जैन, प्रगति जैन, नीतू जैन सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि राहगीरों, श्रमिकों और आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### एमए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा एमए (एजुकेशन) प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम के कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। एमए (एजुकेशन) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आकांक्षा सक्सेना ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा सारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, विभागाधयक्ष एमएस अंसारी, सहायक प्रवक्ता डा.दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लोकेंद्र चौधरी ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**झालू।** बढ़ती गर्मी और तपती धूप के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा नगर में प्याऊ की व्यवस्था की गई। प्याऊ का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक नेक और पुण्य का कार्य है। उन्होंने समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह धीमान, मुकेश वर्मा, चांद बाबू, ओमपाल सिंह, अश्विनी कुमार अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, चंद्रपाल सिंह सैनी, सुधीर कुमार, चंद्रपाल, सुमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# नजीबाबाद में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग ने एक विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान विभागीय टीम ने क्षेत्र के कई मौहल्लों में पहुंचकर बिजली कनेक्शनों की गहनता से जांच की।

जांच के दौरान टीम ने उपभोक्ताओं के मीटर, केबल और विद्युत भार की पड़ताल की। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद इसे रोकने के उद्देश्य से यह चैकिंग की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं को भी विद्युत संकट और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग ने लोगों से वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की अपील की है। भीषण गर्मी के मद्देनजर, विभाग ने उन उपभोक्ताओं से भी आग्रह किया है, जो अपने घरों में एयर कंडीशनर चला रहे हैं। वह कार्यालय में पहुंचकर अपने कनेक्शन पर विद्युत भार बढ़वा लें। ऐसा करने से वह चैकिंग के दौरान संभावित जुर्माने से बच सकेंगे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी बताया कि बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ऐसे चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# थाना परिसर में जन सेवा केंद्र संचालकों की बैठक

## संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बढ़ते साइबर अपराधों और जन सेवा केंद्रों पर होने वाले वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में जन सेवा केंद्र संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह ने की।



बैठक को संबोधित करते हुए सीओ आलोक सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जन सेवा केंद्रों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बैंकिंग एवं ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहुंचते हैं। इसलिए संचालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने संचालकों से ग्राहकों की बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड और अन्य गोपनीय सूचनाओं को सुरक्षित रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी जन सेवा केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ किसी भी घटना के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा उन्होंने संचालकों को सलाह दी कि वह अपने केंद्रों पर आवश्यकता से अधिक नकदी न रखें और समय-समय पर उसे सुरक्षित स्थान पर जमा करते रहें।

बैठक में साइबर जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया। सीओ आलोक सिंह ने कहा कि जन सेवा केंद्र संचालक स्वयं सतर्क रहने के साथ-साथ ग्राहकों को भी साइबर ठगी के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर पीड़ित व्यक्ति तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराए। जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

बैठक के दौरान जन सेवा केंद्र संचालकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी ने संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने संचालकों से पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया।

बैठक में उपनिरीक्षक शिवम तायल, महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल विशाल मलिक सहित थाना पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में जन सेवा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

# शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का नेत्र परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति समिति स्योहारा द्वारा मंडोरी रोड स्थित ज्ञान प्रकाश के आवास पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर नेत्र परीक्षण कराया।




कार्यक्रम संयोजक ज्ञान प्रकाश सम्मानित

प्राप्त समाचार के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अंकुर सिंह ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान मरीजों को आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक सलाह दी गई तथा जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में समिति के पदाधिकारियों सदस्यों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। लगभग 35 लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी आंखों की जांच कराई। चिकित्सक द्वारा कई लोगों को नियमित जांच कराने और आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह भी दी गई। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने शि. विर में विशेष सहयोग देने वाले डा. अंकुर सिंह तथा कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान प्रकाश को पटका पहनाकर एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का अनुभव और धरोहर हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

इस मौके पर अमलदेव सिंह, रामकुमार सिंह, यादराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, डा. मुक्तेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, सलीम अहमद, मौहम्मद हसन, विनोद रस्तोगी, सुरेश तोमर, प्यारेलाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार शर्मा ने किया। सुरेंद्र सिंह त्यागी ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों, चिकित्सक एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति समिति के इस प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाजोपयोगी पहल बताया।

## भाजनों से बजरंगबली का गुणगान



**धामपुर।** ग्राम जैतरा में दिनेश राणा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली का गुणगान किया गया। 'छम छम नाचे वीर हनुमाना, कहते है जिसे राम का दीवाना' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में दिनेश राणा, बबीता चौहान, नीतू सिंह, विशाल राणा, राधा देवी, लक्ष्य चौहान, पंकज चौहान, अन्नु चौहान, परमेश्वर अग्रवाल आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, सुनील चौहान, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# मंदिर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, सामान व नकदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने मंदिर में चोरी करने के आरोपी का सामान व नकदी सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

नूरपुर रोड स्थित भगवंत पब्लिक स्कूल के पास मंदिर से तांबे का का नाग देवता व दान पात्र से नकदी चोरी हो गई थी। छह जून को संजीव कुमार पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम शिवाला कलां ने थाना चांदपुर पहुंचकर मंदिर से चोरी हो जाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 324/2026 धारा 305(4)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपी शादाब अहमद पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला अहमदनगर, थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस, सट्टा शराब, चोरी आदि सहित आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने उसके पास से मंदिर का तांबे का नाग देवता व नकद 732 रुपए बरामद कर उसका चालान कर दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



कथा के दौरान विधायक अशोक कुमार राणा की धर्मपत्नी ज्योति किरण राणा का श्रद्धालुओं के सामूहिक जयघोष के बीच सम्मान किया गया। इसके अलावा कथा के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुजाता सिंह को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता नि:स्वार्थ भाव पर आधारित होती है। जहां स्वार्थ आ जाता है, वहां मित्रता की गरिमा और स्थायित्व प्रभावित हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता मानव जीवन के लिए आदर्श है, जो त्याग, प्रेम और समर्पण का संदेश देती है। कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन के साथ हुआ। पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुजाता सिंह रहे। वहीं द्वितीय यजमान के रूप में धामपुर शुगर मिल के सेवा. निवृत्त हेड टाइमकीपर सतीश चंद द्विवेदी, उनकी धर्मपत्नी उमा द्विवेदी, पुत्र आकाश द्विवेदी, पुत्रवधू निधि द्विवेदी, पौत्र अद्विक द्विवेदी एवं पुत्री आकांक्षा द्विवेदी ने सहभागिता की। सात दिवसीय महोत्सव के पुरोहित आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर ग्राम मिलक मुकीमपुर निवासी नरेंद्र सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी उमेश कुमारी चौहान को भी महाराज श्री द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। बताया कि इस परिवार द्वारा पूर्व में भी महाराज श्री के सान्निध्य में सात दिवसीय कथा का आयोजन कराया जा चुका है। भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने अपने प्रवचन में सुदामा चरित्र की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र भगवान श्रीकृष्ण के वैभव को देखकर ईर्ष्या नहीं की और न ही अपनी गरीबी का रोना रोया। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपने मित्र की स्थिति को समझते हुए उन्हें सम्मान और स्नेह प्रदान किया। यह प्रसंग आज भी मानव समाज को सच्ची मित्रता, करुणा और संवे. दनशीलता का संदेश देता है। कथा महोत्सव को सफल बनाने में ग्राम नौरंगाबाद, रानी बाग कॉलोनी और फूल बाग कॉलोनी के श्रद्धालु परिवारों का उल्लेखनीय योगदान बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# ध्वस्तीकरण पर अधिकारियों को कोर्ट में देंगे चुनौती: सांसद जियाउर्रहमान बर्क

○कसेरवा में मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई पर भड़के सांसद
○अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्रवाई करने के लगाये आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** मस्जिद धवस्तीकरण पर सपा सांसद भड़क गए। उन्होने इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ने के साथ अधिकारियों को कोर्ट में चुनौति देना कहा। ग्राम कसेरवा में दो मंजिला मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दावा करते हुए कहा कि धवस्त की गई मस्जिद लगभग 150 वर्ष पुरानी थी और वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत थी, जबकि वक्फ संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई का अधिकार केवल वक ट्रिब्यूनल को है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ग्राम कसेरुआ में मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। सपा सांसद ने पत्रकारों से प्रेस वार्ता कर प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए और जल्दबाजी में कदम उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान और अन्य धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने के मामलें बढ़ रहे हैं, जो समाज को बांटने की राजनीति का हिस्सा हैं। उन्होने कहा कि वक्फ संपत्ति से जुड़े मामलों में वह प्रभावित पक्ष के साथ खड़े रहेंगे और न्याय के लिए हर कानूनी मंच पर लड़ाई जारी रखेंगे। क्योंकि सुनवाई का अधिकार केवल वक्फ ट्रिब्यूनल को है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएम कोर्ट से आदेश पारित होने के तुरंत बाद बिना पर्याप्त समय दिए मस्जिद को गिरा दिया गया। प्रभावित पक्ष को उच्च अदालतों में अपील करने का अवसर भी नहीं दिया गया।



सम्भल। ग्राम कसेरवा में मिले आईलव मौहम्मद पोस्टर व चांद-तारा बना झंडा दिखाते सीओ।

# मस्जिद में आईलव मौहम्मद पोस्टर व चांद तारा बना झंडा मिलने पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कब्रिस्तान में बनी मस्जिद के ध्वस्तीकारण कार्रवाई के दौरान आई लव मौहम्मद लिखे पोस्टर व चॉंद तारा झंडा मिलने पर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में आठ नामजदों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम कसेरवा में शनिवार को दो मंजिला मस्जिद का तहसीलदार के बेदखली के आदेश पर बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्तीकरण किया गया था। बुल्डोजर कार्रवाई के दौरान मस्जिद में आई लव मौहम्मद लिखे पोस्टर और चॉंद तारा बना एक हरे रंग का झंडा मिला था। पुलिस ने पोस्टरों और झंडे को अपने कब्जे में ले लिया था। थाना नखासा

○साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वैमनस्यता फैलाने, सम्प्रदायिक माहौल को प्रभावित करने का प्रयास का आरोप, आठ किए गए नामज़द

पुलिस ने इस मामले में 353(2) बीएनएसएस के तहत मुकदमा संख्या 113/26 दर्ज कर आठ को नामजद किया है। पुलिस का आरोप है कि उक्त सामग्री के जरिये समाज में वैमनस्यता फैलाने और सांप्रदायिक माहौल को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार मस्जिद के अंदर 49 पोस्टर बरामद हुए थे। जिन पर आई लव मोहम्मद लिखा हुआ था। जबकि एक झंडा जिस पर अर्धचंद्र और सितारे का निशान बना था। प्रथम दृष्टया वह पाकिस्तानी झंडे जैसा प्रतीत हो रहा था। मामले की जांच शुरू कर दी। गयी हैजबकि एफआईआर में जाकिर, तस्लीम, भूरे अली, सफरुद्दीन, दिल शरीफ, मोहब्बत अली और नन्हे समेत आठ को नामजद किया गया है।

# मुस्लिम दलित और पिछड़ों को निशाना बनाकर की जा रही बुलडोजर कार्रवाई: पिंकी यादव

○मस्जिदों के ध्वस्तीकरण पर उठाए सवाल
○प्रशासनिक अधिकारियों पर फोन बात न करने के आरोप
○बुलडोजर भाजपा पर ताकत का प्रतीक बनाने
○संविधान ताक पर रखने के आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** मस्जिद, कब्रिस्तान और मज़ारों को बुल्डोजर जस्टिस्स ध्वस्तीकरण पर विधायक असमोली ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। विधायक ने बुल्डोजर कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए इस कार्रवाई को असंवैधानिक और भाजपा पर अपनी ताकत का प्रतीक बनाकर मुसलमान अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलितों पर निशाना बनाने का आरोप लगाया।

विधानसभा असमोली की विधायक पिंकी यादव ने शनिवार को ग्राम कसेरवा में दो मंजिला मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर बोलते हुए कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र असमौली के ग्राम कसेरुआ में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मस्जिद पर बुलडोजर चलाना असंवैधानिक कार्रवाई की है। उन्होने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने बुलडोजर को अपनी गैरकानूनी ताकत दिखाने का प्रतीक बना लिया है। जबकि यह कार्रवाई के लिए मुसलमान व अन्य अल्पसंख्यक, पिछड़े व दलित इनके निशाने पर हैं। उन्होने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा उन्हे सूचना मिली थी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से फोन के माध्यम से वार्ता करने का प्रयास किया गया, किन्तु फोन तो रिसीव किया गया मगर उनके स्टेनो ने किया। उनका कहना था कि बार-बार सम्पर्क कर बात करने का प्रयास किया गया परन्तु हर बार यही कहा गया कि अभी आपकी डीएम साहब से बात करते हैं हमारे द्वारा उन्हें सूचना दे दी गई है और उन्हे सूचना दे दी गई हैलेकिन जिलाधिकारी से उनकी वार्ता नहीं करायी गयी। उन्होने क्षेत्र में न रहने पर सफाई देते हुए कहा कि करीब एक माह से उनकी माता जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा कुसुमलता यादव अस्वस्थ चल रही हैं। उनकी देखरेख में दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में थी। लेकिन क्षेत्र की जनता से फोन के माध्यम से मेरी वार्ता चल रही है। उन्होने कहा कि चाहें लेकिन कल की कसैरुआ गांव में मस्जिद का ध्वस्तीकरण किया गया हो या इससे पहले ग्राम राया बुजुर्ग की मस्जिद और ग्राम एचौड़ा कंबोह, ग्राम मुबारकपुर बंद की मस्जिद को ढहाया गया हो सभी को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा केवल सरकार के इशारे पर कार्य किया जा रहा है। उन्होने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का विरोध इसकी घोर निंदा करना कहते हुए कहा कि संविधान से ऊपर कुछ भी नहीं मगर मौजूदा सरकार ने संविधान ताक पर रख दिया है।

# मौलाना मुबारक का इंतेकाल दीनी व तालीमी जगत को क्षति

○शोकसभा में मगफिरत की कराई गई दुआ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जामिया अशरफिया मुबारकपुर आजमगढ़ के मशहूर उस्ताद, अशरफिया के एडिटर-इन-चीफ अल्लामा मौलाना मुबारक हुसैन मिस्बाही के इंतेकाल पर एक शोक सभा की गयी।

मदरसा रजा ए हुसैन चौधरी सराय में आयोजित शोकसभा की शुरूआत मुकददस किताब की तिलावत से हुई। सभा में शहर मुफ्ती हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती कारी अलाउद्दीन ने मौलाना मुबारक हुसैन मिस्बाही की दीनी, इल्मी और तालीमी सेवाओं को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इल्म-ए-दीन की खिदमत और तलबा की रहनुमाई में गुजारी। उनके इंतेकाल से दीनी और तालीमी जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। सभा मे मौलाना मुहम्मद अबरार अजीजी मिस्बाही ने सभी आए हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया और मरहूम मिस्बाही की जिंदगी की कुछ खास और शानदार बातों का जिक्र किया। कार्यक्रम में उलेमा-ए-कराम, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर मरहूम को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। सभा में अलग-अलग विद्वानों ने अपनी संवेदनाएं जाहिर कीं, खासकर मौलाना तालिब हुसैन मिस्बाही, मौलाना मुहम्मद इरफान लतीफी, मौलाना मुहम्मद फाजिल मिस्बाही, मौलाना नफीस अख्तर अशफाकी, आदि ने हजरत मौलाना मुबारक हुसैन मिस्बाही की जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं पर रोशनी डाली और गहरा दुख व्यक्त करते हुए मरहूम की सेवाओं को लंबे समय तक याद रखने की बात कही। अंत में दुआ और सलाम के बाद शहर मुफ्ती हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती कारी अलाउद्दीन अजमली ,मुफ्ती आजम संभल की दुआ के साथ जलसा खत्म हुआ। इस मौके पर मौलाना नफीस अख्तर अशरफी, हजरत मौलाना तौसीफ रजा मिस्बाही, मौलाना कामिल रजा मिस्बाही, कारी लईक अहमद कादरी, हाजी सैयद मुजम्मिल और बड़ी संख्या में उलेमाओं ने जलसे में शिरकत की।

## अभियान चलाकर किया वृक्षारोपण को जागरूक

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर सानी मे वृक्षारोपण जागरूकता अभियान के अंतर्गत गांव के गली मोहल्लो में घूम कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने को जागृत किया गया। अंत में वृक्षारोपण कर वृक्षरोपित किए गए। इस दौरान जयवीर सिंह फौजी ने कहा की वृक्ष जीवन है वृक्ष बिना जीवन संभव नहीं है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। ग्राम प्रधान गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारे गांव में आज जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु जागृत किया। इस दौरान पौधे भी रोपित किए गए। यह एक अच्छा संदेश है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं। धीरज चौधरी ने कहा वृक्ष हमें जीने के लिए वायु और ऑक्सीजन देते हैं। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं। अधिवक्ता व समाजसेवी चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि हमारे जागरूकता अभियान का एकमात्र उद्देश्य है लोग वृक्षारोपण करने हेतु जागृत हो और अधिक से अधिक वृक्ष लगाए। जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ आज हम लोगों द्वारा इस गांव में वृक्ष भी रोपित किए गए हैं। इस दौरान चौ रविराज चाहल, जयवीर सिंह फौजी, खिलेन्द्र चाहल, बादाम सिंह, वैशाली सिंह, नीरज सिंह, पुनीत सिंह, नवीन सिंह, भूपेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# दंगा पीड़ितों के पुर्नवास व सहायता सुविधा को जिले में बना हेल्पडेस्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** किसी भी दंगे से पीड़ित/प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों को राहत एवं सहायता व पुर्नवास सुविधा हैल्पडेस्क के माध्यम से दी जायेगी। प्रशासन की ओर से हेल्पडेस् की स्थापना की गई है।

सम्भल प्रशासन की ओर से बने हेल्प डेस्क दंगा पीड़ित/प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों के प्रकरणों के पंजीकरण, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, मार्गदर्शन प्रदान करने, राहत एवं पुर्नवास संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के साथ शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण का कार्य किया जायेगा। जनपद प्रशासन ने समस्त पात्र नागरिक ऐंसा कोई व्यक्ति अथवा परिवार किसी दंगे से प्रभावित हुआ हो, या ऐसे किसी प्रभावित परिवार की जानकारी हो, तो सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्प डेस्क से संपर्क करने की अपील की

○कलेक्ट्रेट में प्रात:10 बजे से सांय 5 बजे तक पीड़ित परिवारों को न्याय व आवश्यक सहायता रहेगी सर्वोच्च प्राथमिकता

गयी हैं जिला सूचना कार्यालय द्वारा जारी समाचार के अनुसार हेल्प डेस्क पर आवेदन प्राप्त करने, प्रकरणों का पंजीकरण और आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगां इसी के साथ राहत एवं पुनर्वास संबंधी सहायता उपलब्ध कराकर शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण करायेगा। हेल्पडेस्क का स्थान कलेक्ट्रेट सम्भल, बहजोई रहेगा। जिसका समय प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगा। जनपद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दंगा पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को न्याय, सम्मान तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके पन्ना प्रमुख

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।।** भारतीय जनता पार्टी मंडल हयात नगर की मासिक समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चौहरेंद्र सिंह ने कहा कि बूथ और सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत ही भाजपा की सफलता का आधार है ,भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ता है उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रियता बनाए रखने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आवाहन किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारी को कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा और काम करने का तरीका समझाया। उन्होंने संकल्प दोहराया कि भाजपा की सरकार हम 2027 में फिर से प्रदेश मे लाकर रहेंगे। साथ ही बूथ स्तर पर समीक्षा, सरकारी योजनाओं का प्रसार केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का मंत्र बताया।। बैठक में सुमित श्याम शिल्पी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 24 कौसीय परिक्रमा में ई-रिक्शा चलाकर दिया ईंधन बचत का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में आयोजित मासिक परिक्रमा इस बार आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के विशेष संदेश के साथ संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित परिवहन के आवान को धरातल पर उतारते हुए समिति के आहवान पर सैकड़ों श्रृद्वालु ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक कारों तथा पैदल यात्रा के माध्यम से प्रात: वंशगोपाल तीर्थ, बेनीपुर पर एकत्रित हुए। समिति ने इस अवसर पर सम्भल की पौराणिक एवं धार्मिक पहचान, पावन 68 तीर्थो और 19 प्राचीन कूपों के संरक्षण, संवर्धन और जनजागरण का संदेश भी प्रमुखता से दिया। श्रृद्वालुओं ने कहा कि जिस प्रकार तीर्थों और प्राचीन धरोहरों का संरक्षण आवश्यक है, उसी प्रकार प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी वर्तमान समय की आवश्यकता है। श्रृद्वालुओं ने वंशगोपाल तीर्थ पर स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महंत भगवद्प्रिय महाराज ने भव्य आरती के पश्चात परिक्रमा को रवाना किया। ई-रिक्शाओं में सवार महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किए जाने से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। परिक्रमा भुवनेश्वर तीर्थ पहुँची, जहाँ श्रृद्वालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पंडित मुकेश शर्मा ने रुद्राष्टकम का पाठ कराते हुए पूजा-अर्चना संपन्न कराई। परिक्रमा क्षेमनाथ समाधि, नैमिषारण्य तीर्थ पहुँची, जहाँ बाल योगी दीनानाथ महाराज ने श्रृद्वालुओं को आशीर्वाद लेकर परिक्रमा प्राचीन शिव मंदिर पहुँची। यहाँ भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तथा मंदिर समिति द्वारा श्रृद्वालुओं को जलपान कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा आयोजित यह परिक्रमा आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे एक ओर श्रृद्वालु धार्मिक स्थलों से जुड़ रहे है।

# भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

रविवार को धनारी पटटी लाल सिंह स्थित सचिवालय परिसर में मंडल अध्यक्ष भुवनेश राघव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को रामनाम का पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी मेहनत व समर्पण से ही पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की नीतियां और जनहितकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष गंभीर सिंह, अशोकेंद्र चौहान, जिला पंचायत सदस्य ठाकुर अवधोश प्रताप सिंह, अरविंद राणा, नोरतन सिंह, दिनेश शर्मा, रामपाल सिंह, टेकचंद, जीराज, हिरदेश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## रेस्त्रां में डोसे में मिला कीड़ा, खाने से युवक की हालत बिगड़ी, जांच शुरू

**गाजियाबाद।** खोड़ा के रेंस्त्रा में डोसा में कीड़े निकलने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अनुराग कटियार ने मामले में शिकायत की है। उनका आरोप है कि चार जून को उन्होंने रेस्त्रा से डोसा खरीदा था। इसमें कीड़े दिखने पर उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल जाना पड़ा। इसका एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नमूने को जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके से सैंपल लियाअनुराग कटियार ने वीडियो के साथ जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की। उनके आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके से सैंपल लिया। आरोप है कि श्री श्याम डेयरी रेंस्त्रा से उन्होंने डोसा खरीदा था। खाने के दौरान एक कीड़ा इसमें दिखाई दिया।

# शक्ति पाने का उद्देश्य सफलता नहीं सार्थकता होना चाहिए

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत सप्ताहिक रविवारीय भगवान श्रीगोरख नाथ यज्ञ के पश्चात बैठक हुई। जिसमे सत्ताईस जुलाई से तीस जुलाई तक योगेश्वर गोरक्षनाथ जी के छयालीसवें महोत्सव को धूमधाम से मनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

समिति कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की कहा कि आज के परिदृश्य मे अधिकांश साधक चाहे निष्काम कर्मयोगी हो या सकाम कर्मयोगी हो उनकी कामना शक्ति पाकर सफलता का अर्जन करना होता है। जिसका परिणाम हमारे धर्म शास्त्रों में विस्तार पूर्वक वर्णन है कि जब जब भी शक्ति का प्रयोग सफलता पाने के लिए किया गया है। तब तब इच्छानुसार सफलता की प्राप्ति अंहकार की उत्पत्ति का रण बनी हैं। और अहंकार विनाश का कारण सिद्व हुआ है। किन्तु वही जब जब भी शक्ति प्रयोग सार्थकता पाने के लिए गया है। उसका परिणाम, विनम्रता के रुप में लौटकर आया है। और विनम्रता कल्याणकारी सिद्व हुई है। जिसके असंख्य उदाहरण हैं। अर्थात सिद्व हो जाता हैं की शक्ति का प्रयोग सार्थकता के लिए होना चाहिए सफलता के लिए नहीं।ज्वालेश श्रीमाली ने कहा की मिशन श्रीकल्कि अपने छयालीस वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। जो हमारे लिए गर्व की बात है। आनंद सैनी ने कहा कि इसबार छयालीस विशाल भंडारा धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। जिसमे साधु संत व मेहमानो की उचित व्यवस्था की जायेगी। कृष्णकुमार आर्य ने कहा की इस वर्ष दो ज्येष्ठ माह होने के कारण दस दिवसीय महातपा भी दो बार सम्पन्न करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि जब जब भी धर्म घटा है। तब तब प्रभु अवतार धारण कर धरती पर आये है। और आते रहेगे डा. सुरेश सैनी ने भजन सुनाकर सभी का वातावरण आनंदमय बनाया।नरेश सैनी ने सबका आभार जताकर योगेश्वर गोरखनाथ महोत्सव की तैयारियो मे जुट जाने का आवाहन किया। इस मौके पर गोपेश गुप्ता अनमोल सैनी नितिन सैनी अमित सैनी कैलाश शर्मा दिनेश शर्मा किशन आर्य सुभाष आर्य अन्ना सैनी सूरज पाल यादव भीकम सरन राघव सैनी लक्षमन सिह विपिन आर्य लाला भूकन सरन यशवर्धन मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्याश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली कैलाश चन्द्र शर्मा कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता हर्ष वर्धन तनिष्क श्रीमाली सहित समिति की सभी इकाईयो के पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली तृप्ति श्रीमाली नमामि देवी वैष्णवी शर्मा आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### कृषि उपकरण हैरो लेकर चोर हुए चम्पत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चोरियों की वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही है। चोर ग्रामीण का कृषि उपकरण (हैरो) चोरी कर चम्पत हो गये।

थाना हजरत नगर गाढ़ी क्षेत्र के ग्राम फलसिंहा निवासी मुशर्रु पुत्र हुसैन बख्श का कृषि उपकरण रखा हुआ था। चोर हैरो को चोरी कर फरार हो गए। हैरो स्वामी की ओर से थाना हजरत नगर गाढ़ी पुलिस को अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देकर कनूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

### राहुल गांधी के ग्रेट निकोबार कारपोरेट लूट से कांग्रेस को हस्ताक्षर अभियान आज

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कांग्रेसजनों हेतु मासिक बैठक एवं जननायक नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) द्वारा ग्रेट निकोबार को कॉर्पोरेट लूट से बचाने एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य एवं प्रकृति के संरक्षण को लेकर पूरे प्रदेश में उ.प्र कांग्रेस कमेटी का तक हस्ताक्षर अभियान 8 जून (आज) से चलाया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 बजे किया जायेगा। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, चंदौसी रोड सम्भल पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी फ्रंटल के अध्यक्ष जैसे महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस,एस,सी, विभाग आई टी आई विभाग अल्पसंख्यक कांग्रेस ओ बी सी कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग, ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष से बैठक में शामिल होने पर ज़ोर दिया है।

### नेशनल हाईवे पर जल निकासी अवरोध हटाने को सीडीओ ने किया निरीक्षण

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर कैल ग्राम पंचायत विकास खंड गुन्नौर के नेशनल हाईवे जल निकासी के अवरोध का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा टीम के साथ किया गया। मुख्य मार्गो के निरीक्षण बड़े नाले पर कुछ जगह अतिक्रमण कर पाया गया। तथा कुछ जगह अस्थाई निर्माण भी बने हुए मिले। जल निकासी अवरोध समाप्ती के लिए सभी को हटाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा 400 मी कच्चा नाला बनाने का निर्देश भी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण में ग्रामीणें को भी समझाते हुए अवैध अतिक्रमण वाले स्थान पर अपने सामान को हटाकर प्रशासन को सहयोग करने को प्रेरित किया। ताकि ग्राम पंचायत दोनों तरफ से मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे पर जल निकासी की व्यवस्था सही कर सके तथा ग्राम पंचायत स्वच्छ और सुंदर लगे। जबकि निर्देश के साथ ग्राम पंचायत द्वारा जेसीबी लगा कर आवश्यक स्फाई की गई तथा कुछ अवैधा कब्जा को हटाया गया कल इस कार्य को पूरा करने का आश्वासन सहायक विकास अधिकारी पंचायत फारूक तथा ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक यादव द्वारा दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल तथा राजस्व विभाग का भी सहयोग लेने के लिए विकास विभाग को निर्देश दिए गए।

# दुष्कर्म पीड़िता के इंसाफ की मांग को प्रदर्शन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सामूहिक दुष्कर्म घटना और पुलिस पर सवाल खड़े करने के साथ आरोपियों की गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग को सामाजिक संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साय संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन कर मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की।

असमौली थाना क्षेत्र के दबोई कलां में शौच को गयी नाबालिग का अपहरण का सामूहिक दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़िता को न्याय और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को संगठनों ने अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। ब्राह्मण शक्ति संघ ने पीड़ित परिवार के साथ अन्याय नहीं होने और मामले की निषपक्ष जांच की मांग को शंकर चौराहे पर प्रर्दशन किया।



सम्भल- दुष्कर्म पीड़िता के इंसाफ की मांग को प्रर्दशन करते स्वयं सेवी संगठन के लोग।

संघ के नगर संयोजक अभिनंदन शर्मा ने आरोप लगाया कि मामले में प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं, इसलिए पूरे प्रकरण की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाना चाहिये। वक्ताओं ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# भाकियू असली का प्रस्तावित धरना निरस्त

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक असली) का बिजली की बार-बार ट्रिपिंग और कटौती के खिलाफ प्रस्तावित धरना बिजली आपूर्ति में सुधार होने पर निरस्त कर दिया गया है।

भाकियू असली के युवा जिला उपाध्यक्ष, ने कृषि कार्य को विद्युत आपूर्ति में हो रही कटौती एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या को लेकर विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में किसानों को शासन द्वारा निर्धारित 10 घंटे के स्थान पर केवल 4 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलने का आरोप लगाकर निर्धारित शैडयूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की मांग कर धरने की चेतावनी दी थी। ज्ञापन के उपरांत विद्युत विभाग एवं प्रशासन द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। जिसके परिणामस्वरूप कृषि

○बिजली आपूर्ति में सुधार पर लिया गया निर्णय

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ कर किसानों की मांगों का समाधान किया गया। भाकियू असली ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया और किसानों की मांग पूरी होने के कारण भविष्य में प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को निरस्त कर दिया। संगठन का कहना है कि किसानों की समस्याओं का समाधान संवाद और सकारात्मक प्रशासनिक सहयोग से होना किसानों और समाज दोनों के हित में है। भाकियू अराजनैतिक असली आगे भी किसानों के हितों एवं अधिकारों के लिए कार्य करती रहेगी।

## आवश्यक सूचना

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मतस्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात, विकास खण्ड जनपद सम्भल के गठन की एक आवश्यक बैठक दिनांक 08.06.2026 को सिरसी देहात के धर्मशाला सिरसी पर प्रात: 11 बजे आयोजित की जायेगी। समिति के सभी सदस्य बैठक में हिस्सा लेकर कार्यवाही पूर्ण करायें।

(सुधीर कुमार)
मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित बहुउददेशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात

# दहेज हत्या के मामले में वांछित पति गिरफ्तार पत्नी की ईंट से हमला कर की थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना मैनाठेर पुलिस ने दहेज हत्या के एक चर्चित मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर अपनी पत्नी के सिर पर ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने और बाद में उसकी मौत होने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, 5 जून की सुबह थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर हमीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर पर ईंट से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।



मृतका के पिता मोहम्मद इमरान पुत्र आबिद हुसैन निवासी ग्राम रसूलपुर हमीर की तहरीर पर थाना मैनाठेर में आरोपी नसीम पुत्र जाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्रारंभिक रूप से मामले में बीएनएस की धारा 85, 109(1) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। महिला की मृत्यु होने के बाद मुकदमे में धारा 109(1) के स्थान पर धारा 80 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में थाना मैनाठेर पुलिस ने रविवार को आरोपी नसीम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई भी प्रचलित है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि दहेज उत्पीड़न और महिला अपराध से जुड़े मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर रैपिडो बाइकर्स का प्रदर्शन, 1 दिन की हड़ताल

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर चौराहे के पास रैपिडो बाइक सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रैपिडो बाइकर्स एकत्र हुए और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। कर्मचारियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल रखकर अपना विरोध दर्ज कराया।प्रदर्शन कर रहे बाइकर्स का कहना था कि वर्तमान में उन्हें प्रति राइड मिलने वाला भुगतान बहुत कम है, जबकि पेट्रोल, वाहन रखरखाव और अन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उनका आरोप है कि मौजूदा मानदेय से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने कहा कि दिनभर मेहनत करने के बावजूद उन्हें पर्याप्त आय नहीं हो पा रही है, जिससे आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। बाइकर्स ने मांग की कि कंपनी उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रति राइड भुगतान और अन्य प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी करे। उनका कहना था कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और कंपनी प्रबंधन तक अपनी मांगें पहुंचाने की कोशिश की। हड़ताल के चलते कुछ समय के लिए रैपिडो सेवा भी प्रभावित रही, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि कंपनी उनकी समस्याओं का समाधान करेगी और उन्हें बेहतर मानदेय प्रदान किया जाएगा, ताकि वे सम्मानजनक तरीके से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

## एक नजर

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पिता-पुत्र की लाठी-डंडों से पिटाई, चार पर केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बीजना में गाली-गलौज का विरोध करने पर पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव बीजना निवासी सुरेश पुत्र नन्हे सिंह ने बताया कि 6 जून 2026 को लगभग शाम 6 बजे उसके पड़ोसी ओतार, विपिन, विकास और पवन उसके घर के सामने खड़े होकर गालियां देने लगे। सुरेश ने जब गाली देने का विरोध किया तो चारों उग्र हो गए। आरोप है कि चारों ने सुरेश और उसके बेटे रोहित को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया। मारपीट के दौरान दोनों पिता-पुत्र को चोटें आईं।

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद सुरेश ने भोजपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ओतार, विपिन, विकास और पवन के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। साक्ष्य जुटाकर आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अनुश्रवण समिति में राजन बिश्नोई सहित चार और सदस्य नामित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति का विस्तार किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की ओर से जारी आदेश के तहत विभिन्न वर्गों के चार प्रतिनिधियों को समिति का सदस्य नामित किया गया है।मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के अनुसार शासन के निर्देशों के अनुपालन में गठित समिति में गैर सरकारी संगठन, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला वर्ग के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति में राजन विश्नोई, डा. ब्रजपाल सिंह, रीता सिंह तथा देवराज सिंह को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति का गठन शासन स्तर पर विकास योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों की नियमित समीक्षा के उद्देश्य से किया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका ने बताया कि समिति में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी। समिति में राजन बिश्नोई के मनोनीत होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कांठ तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट दीपक बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, डॉ पंकज बिश्नोई, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मोहनलाल बिश्नोई आदि ने बधाई दी है।

# फिट इंडिया के जुनून के संग ऊर्जावान रेसर जैनुल के नेतृत्व में दस किमी की साइकिल राइड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत फिट इंडिया एम्बेसडर जैनुल आबिदीन के नेतृत्व में भव्य संडे ऑन साइकिल राइडिंग को एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्मार्ट सिटी ऑफिस से रवाना किया। इस सुअवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री अतुल कुमार यादव , समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह,राज्य साइक्लिंग कोच सैयद खुर्शीद अली, सैयद मरदान, वरिष्ठ साइक्लिस्ट सैयद खालिद की विशेष रूप से मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, राइडिंग का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण ,साइक्लिंग के प्रति जागरूक करना है। इस राइडिंग में 75 वर्षीय नौबत सिंह पहलवान आकर्षण के केंद्र रहे।फिट इंडिया एम्बेसडर जैनुल आबिदीन ने कहा, विश्व साइकिल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा, नियमित साइक्लिंग से स्वास्थ्य बेहतर होता है, प्रदूषण कम होता है। ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। राइड सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को फिट इंडिया ई सर्टिफिकेट प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।





कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में फिट इंडिया एम्बेसडर जैनुल ने सभी अधिकारियों, प्रतिभागियों, कोचों, स्वयंसेवकों एवम् सहयोगियों का दिल की गहराइयों से आभार जताया। लगभग 10 किलोमीटर लंबी यह राइड स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्रारंभ होकर वार मेमोरियल तक पहुंची और पुन: स्मार्ट सिटी कार्यालय पर समाप्त हुई। राइड के दौरान प्रतिभागियों ने देश बचाएंगे, साइकिल चलाएंगे के नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 75 वर्षीय नौबत सिंह पहलवान ने अपनी सक्रिय भागीदारी से सभी को प्रेरित किया, वहीं युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ राइड पूरी की।राज्य साइक्लिंग कोच सैयद खुर्शीद अली ने न केवल प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया,बल्कि साइक्लिंग को स्वस्थ जीवन और खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शगुफ्ता, निशात अंजुम, प्राची अग्रवाल, दीपिका मेहता, मोहम्मद फहीम, नेपाल सिंह, गजाला सुल्ताना, मुस्कान, सफिया नसीम, गुंजिता पाल, मोहम्मद लाइक, फहाद, राजी उर रहमान, साहिल, अमान सिद्दीकी, मोहम्मद जीशान, अनुज गुप्ता, ध्रूव, विक्की अरोड़ा, शालू चावला, राहुल छाबड़ा, बिलाल, , अरुण कुमार, अंबिका, यवन पाल, कृष्ण कुमार, अर्जुन, युवराज, रौनक, राघव सेठी, लिजा, अहमद हुसैन, संस्कार, दीपल आदि सहित बड़ी संख्या में साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त शहर के खेल प्रेमी, युवा, महिलाएं एवम् वरिष्ठ नागरिक भी कार्यक्रम से जुड़े।

## उपभोक्ताओं को मिलने लगी है बिजली के बिल में विस्तार से जानकारी




**कांठ ( शाह टाइम्स )** पावर कॉरपोरेशन ने अब बिजली के बिलों को पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और उपभोक्ता अनुकूल बनाया है। नए बदलावों के तहत अब उपभोक्ताओं को मिलने वाले बिजली बिल में हर छोटे-बड़े खर्च की पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। अभी तक बिल विवरण की सही और स्पष्ट जानकारी न मिलने के कारण उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और उन्हें बिजली दफ्त. रों के चक्कर काटने पड़ते थे डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए नए बिल में एक विशेष स्कैन कोड की सुविधा दी जा रही है। इस कोड को स्कैन करके उपभोक्ता घर बैठे ही अपना मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर और ईमेल आईडी अपडेट कर सकेंगे।

बिल के माध्यम से ही मोबाइल और ईमेल को सत्यापित करने की सुविधा भी मिलेगी।लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के मुताबिक नए प्रारूप के तहत बिल में अब यह साफ-साफ दर्ज होगा कि उपभोक्ता की रीडिंग की गणना किस स्लैब के तहत की जा रही है। इसके अलावा बिल में फिक्स्ड चार्ज या अन्य जो भी अतिरिक्त चार्जेज लिए जा रहे हैं, उनका पूरा विवरण अलग से दिखाई देगा। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव उन मामलों में किया गया है जहां उपभोक्ता का बिजली चोरी का कोई प्रकरण चल रहा है, अब ऐसे मामलों की पूरी डिटेल भी बिल पर ही दर्ज होगी।उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए बिल में पिछले छह महीनों के दौरान खर्च की गई रीडिंग का पूरा रिकार्ड शामिल रहेगा। इससे लोग अपनी बिजली खपत के पैटर्न को आसानी से समझ सकेंगे।

## 14 जून से ब्लॉकों में भाजपा लगाएगी जनकल्याण शिविर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** 14 जून को ब्लॉकों में जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। जबकि 16 और 17 जून को प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित होंगे। वहीं आठ जून से 14 जून तक घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।भाजपा के एमएलसी, विधायक, मेयर और पार्टी के पदाधिकारी सोमवार से घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क करेंगे। यह अभियान नगर क्षेत्र के सभी दस मंडलों में चलेगा।

इसके लिए जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुरादाबाद ब्लॉक में आयोजित शिविर के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। 16 और 17 जून को प्रबुद्ध सम्मेलन कराया जाएगा। इसमें केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागवत चौधरी शामिल होंगे। कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर नशा मुक्ति कैंप का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के उपलक्ष में यतीश ठाकुर द्वारा नशा मुक्ति कैंप और शरबत वितरण शि. विर का आयोजन कराया गया कार्यक्रम बिश्नोई आश्रम के महंत स्वामी सर्वानंद महाराज के द्वारा शुरू हुआ जिसमें नशे से मुक्ति पाने वाले लोगों को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया और आने जाने वाले लोगों की प्यास बुझाने के लिए सरवत वितरण भी हुआ। कार्यक्रम में यतीश ठाकुर डॉक्टर पी के चौधरी डॉक्टर अमित कुमार राजकुमार सिंह चमन सिंह प्रजापति मुकुल बिश्नोई रामचंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। लगभग 50 लोगों को नशा मुक्ति के लिए निशुल्क दवाई दी गई।

## पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी: कवि माधव मिश्र

**चन्दौसी।** सर्वसमाज जागरूकता अभियान (भारत) एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विनायक कॉलोनी स्थित मनोज कुमार अग्रवाल के आवास पर 'पर्यावरण संरक्षण में हमारा योगदान' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद पार्क में अतिथियों द्वारा सिल्वर प्लांट, गुलफंगुश, गुड़हल, लाल चांदनी एवं गुलाब के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण गोपाल मंगलम ने की, जबकि संचालन नीतू अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कवि माधव मिश्र रहे। अपने संबोधन में कवि माधव मिश्र ने कहा कि पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 25 वर्ष पहले उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का आह्वान किया था। कोरोना काल ने भी सभी को पौधों और ऑक्सीजन के महत्व का एहसास कराया। उन्होंने लोगों से पौधे भेंट कर दूसरों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग को कम करना भी आवश्यक है। बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ रखने की आदत विकसित करनी होगी। जल संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत भी बड़े बदलाव ला सकती है। वाहन धोने में पानी की बर्बादी रोकने और दैनिक जीवन में जल बचाने के उपाय अपनाने चाहिए।

# आत्मनिर्भर मण्डल बिलारी की मासिक टिफिन बैठक संपन्न

## ● बूथ स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** आत्मनिर्भर मण्डल बिलारी की मासिक टिफिन बैठक मंगलवार को लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर, बिलारी में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर समितियों को सुदृढ़ करने तथा संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नवीन चौधरी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक मण्डल में नियमित रूप से मासिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाना तथा आम जनता को उनके लाभों के प्रति जागरूक करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आगामी चुनावों में सफलता की आधारशिला साबित होगी। बैठक में संगठन के विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में अपने सुझाव रखे और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मनोज ठाकुर, अभिलाष गौड़, दिनेश प्रजापति, रविन्द्र चौधरी, मनोज प्रजापति, हेमन्त शर्मा, राजीव सैनी, गायत्री कोहली, गीता चौधरी, गीता कोहली, प्रशान्त चौधरी, यादराम, नवनीत यादव, सनी सक्सैना, वीरपाल कोहली, प्रेमपाल पासी, राजीव कश्यप, पंकज चौहान, हरिशंकर आर्य, गिरीश बाबू, इमरान पाशा, अतुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत एवं जनहितकारी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## सोशल मीडिया पर टिप्पणी के मामले हुई गिरफ्तारी पर न्यायालय ने दी जमानत

**चन्दौसी।** सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के मामले में हनुमानगढ़ी निवासी मुनीष शर्मा पुत्र स्व. सुरेशचंद्र शर्मा के विरुद्ध कोतवाली चन्दौसी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर मुनीष शर्मा को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर कोतवाली चन्दौसी ले आयी। उसके विरुद्ध अ0सं0 167/26 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 196(क), 352के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर चन्दौसी कोतवाली पुलिस द्वारा मेडिकल कराकर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश द्वारा सुनवाई करते हुए आरोपी मुनीष शर्मा का रिमांड रिफ्यूज करते हुए पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा किये जाने का आदेश दिया जबकि मुनीष शर्मा के अधिवक्ता द्वारा तर्क दिया कि ऐसा कोई जघन्य अपराध उनके मुब्बकिल द्वारा नहीं दिया गया है जबकि पुलिस का मानना था कि मुनीष शर्मा पहले भी कुछ केसों में वांछित है जो न्यायालय में विचाराधीन है। सायं 06 बजे के लगभग मुनीष शर्मा को जमानत दे दी गयी। वहीं पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा की जायेगी।

## 21 जून तक रात्रि चौपालें लगाने की कयाबद शुरू शेड्यूल किया जारी

**कांठ( शाह टाइम्स )**केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पांच से 21 जून तक प्रदेशव्यापी समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन कर विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा, जन समस्याओं का समाधान तथा आमजन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार मुरादाबाद में तिथिवार रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पांच जून को ग्राम पंचायत पसियापुरा और छह जून को ग्राम पंचायत टाह मदन में रात्रि चौपाल आयोजित हो चुकी है। आठ को ग्राम पंचायत भदासना में, नौ जून को ग्राम पंचायत नियामतपुर इकरोटिया, 10 को ग्राम पंचायत काफियाबाद, 11 को ग्राम पंचायत लोधीपुर राजपूत, 12 को ग्राम पंचायत मोह सादिकपुर, 13 को ग्राम पंचायत ग्वारऊ, 14 जून को ग्राम पंचायत गुरेर, 15 जून को ग्राम पंचायत नानपुर, 16 जून को ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर, 17 को महेन्द्री सिकन्दरपुर, 18 को हिमायूपुर, 19 जून को मिलक अमावती, 20 को भरतावाला और 21 जून को बालापुर में रात्रि चौपाल लगेगी।




## पुलिस ने दो का किया शांतिभंग में चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है बताया गया कि शीशपाल पुत्र प्रेम राज निवासी पाइनदापुर एवं पहाड़मऊ गांव के एक युवक से पुलिस को शांति भंग का खतरा था जिसमें पुलिस ने आज दोनों को गिरफ्तार कर चालान करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक में संगठन विस्तार और राजनीतिक भागीदारी पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के अंबेडकर पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावादस) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में संगठन की मजबूती, समाज के अधिकारों, राजनीतिक भागीदारी तथा आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान नव नियुक्त जिला संयोजक मुरादाबाद राजीव वाल्मीकि का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की अपेक्षा जताई। बैठक को संबोधित करते हुए लल्ला बाबू द्रविड़ ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव और



वार्ड स्तर तक संगठन का विस्तार कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा, ताकि समाज की आवाज को मजबूती के साथ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन अपनी रणनीति तैयार कर रहा है। समाज के हितों, सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देते हुए संगठन समय आने पर राजनीतिक समर्थन को लेकर निर्णय करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के लोगों के बीच जाकर संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने वाल्मीकि समाज की राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। नीरज दयाल, महेंद्र वाल्मीकि और लल्ला बाबू द्रविड़ ने कहा कि लंबे समय से वाल्मीकि समाज को विधानसभा और लोकसभा में अपेक्षित नेतृत्व और प्रति. निधित्व नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की जनसंख्या और योगदान के अनुरूप राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में वाल्मीकि समाज को उचित राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व नहीं दिया गया, तो संगठन अपने स्तर पर आगे की रणनीति तय करेगा। इस संबंध में विभिन्न विकल्पों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, ताकि समाज के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा की जा सके। बैठक की अध्यक्षता राकेश बगपूरिया ने की, जबकि संच. ालन सुभाष शंभू ने किया। दोनों पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर शंभू, महेश बाबू, राजेश, रमेश चंद्र, महेंद्र पाल वाल्मीकि, आर. के. रोहित, अतराज, विनय, हरिश, राजेंद्र, राजू, कृष्ण, महावीर, विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को मजबूत बनाने, समाज के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने तथा राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के संकल्प के साथ हुआ।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर खनन सामग्री ले जा रहा ट्रक पकड़ा, चालक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अवैध रूप से कोर सैंड का परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा गया। मामले में चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर-जसपुर मार्ग पर शनिवार सुबह खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम खनिज लदे वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक वाहन को न रोककर पीपली अहीर की ओर भगा ले गया। टीम ने पीछा कर बंद पड़े एक ईंट भट्टे के पास ट्रक को घेर लिया। चालक वाहन छोड़कर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। जांच में ट्रक में करीब 20 घन मीटर कोर सैंड लदा मिला। वाहन की नंबर प्लेट की जांच करने पर उसमें छेड़छाड़ पाई गई। मोबाइल एप के माध्यम से चेसिस और इंजन नंबर की जांच करने पर ट्रक का वास्तविक पंजीकरण नंबर अलग पाया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आसिम पुत्र सफीकुल्ला निवासी खेरा लक्ष्मीपुर, जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) बताया। वाहन स्वामी का नाम दिलशाद पुत्र मोहम्मद अहसान निवासी शहबा. जपुर कला, शरीफनगर बताया गया। चालक के पास से मिले ड्राइविंग लाइसेंस की जांच में भी अनियमितता सामने आई। खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चालक आसिम और वाहन स्वामी दिलशाद के खिलाफ अवैध खनन परिवहन, फर्जी नंबर प्लेट लगाने, कूटरचित दस्तावेजों के प्रयोग तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी चालक आसिम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की पोस्ट से मचा हड़कंप, युवक बोला: आईडी हुई हैक

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के एक युवक की इंस्टाग्राम आईडी से आत्महत्या संबंधी पोस्ट वायरल होने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को खोजकर सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। नगर से सटे एक गांव निवासी युवक की इंस्टाग्राम आईडी से शनिवार दोपहर एक पोस्ट साझा हुई, जिसमें परिवार और दोस्तों से माफी मांगते हुए आत्महत्या करने जैसी बात लिखी गई थी। पोस्ट देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। इसकी सूचना साइबर क्राइम सेल के माध्यम से कोतवाली पुलिस को मिली। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम प्रधान एवं स्थानीय लोगों की सहायता से युवक की पहचान कर उसे तलाश लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने ऐसी कोई पोस्ट नहीं की है। उसका आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर पोस्ट अपलोड की है।

पुलिस ने युवक को काउंसलिंग कर किसी भी प्रकार का गलत कदम न उठाने की सलाह दी। साथ ही उसके परिजनों से भी बातचीत कर आवश्यक जानकारी जुटाई गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि वायरल पोस्ट की सत्यता और इंस्टाग्राम आईडी हैक होने के दावे की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक के सामने अचानक आया कुत्ता, संतुलन बिगड़ने से युवक घायल

**ठाकुरद्वारा।** उत्तराखंड से ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे एक युवक की बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। हादसे में युवक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नाथूपुर निवासी कौशल कुमार पुत्र बलवंत सिंह शनिवार देर शाम उत्तराखंड स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जब वह ठाकुरद्वारा-करनपुर मार्ग पर अब्दुल्लापुर लेदा के निकट पहुंचे, तभी अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में कौशल कुमार ने बाइक पर नियंत्रण करने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसे में वह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उनकी सहायता की और उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी गई, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर आवारा पशुओं और कुत्तों की बढ़ती संख्या के कारण इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं।

# विधायक ने किया 1 करोड़ 32 लाख रुपये की सड़क का शिलान्यास

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जैतपुर विसाहट में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्राम मिलक जैतपुर से तालाब के किनारे होते हुए विसाहट तक 600 मीटर नव निर्माण मार्ग का कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ने कहा कि 1 करोड़ 32 लाख की लागत से बनने वाला यह मार्ग क्षेत्रवासियों के आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा। वर्षों से जर्जर और संकरे मार्ग के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक ने कहा जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। इस सड़क परियोजना के पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों का स्कूल-कॉलेज तक आवागमन आसान होगा और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कम समय लगेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उदयपाल सिंह, अविनाश चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, रोहित सिंह, कल्लू सिंह, जेन्द्र सिंह सहित अनेक ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# रौंडा पुलिस चौकी का डीएम एसएसपी एव विधायक ने किया उद्घाटन



**मूंढापांडे।** रविवार को थाना क्षेत्र की नवनिर्माण रौंडा पुलिस चौकी का विधिवत जिलाधिकारी मुरादाबाद आई ए एस डॉ राजेन्द्र सिंह पेसिया, एस एस पी मुरादाबाद सतपाल अंतिल कुन्दरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने आप पुलिस चौकी का उद्धघाटन न करते हुए, नारी शक्ति का सम्मान करते हुए, महिला कांस्टेबल से पुलिस चौकी रौंडा का फीता कटवाकर महिला शक्ति को सम्मान दिया, इसके बाद जिले के शीर्ष अधिकारियो ने साशन द्वारा रात्रि जन चौपाल में ग्रामीणो को भी संबोधित करते हुए।

जिलाधिकारी ने किसानों एव जनता से कहा कि जो लोग सरकारी गोशाला से गो माता को गोद लेना चाहते है, तो उन लोगो के लिए एक गोवंश को गोद लेने के बाद गौमाता के खाने चारे के लिए सरकार की ओर से 15सौ रुपये प्रति एक महीने के हिसाब से दिए जायेगे, ओर अगर कोई ज्यादा गोवंश को गोद लेता है तो उसी हिसाब से उसे पैसा मिलता रहेगा, चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग रहे, इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, एसपी सिटी रणविजय सिंह, सीएमओ कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ संजीव बेलवाल, सीओ हाइवे, थाना प्रभारी मोहित चौधरी, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, रौंडा चौकी प्रभारी जोगेंद्र सिंह, वीडियो अशोक कुमार, एडीओ देवेश कन्हैया आदि मौजूद रहे।

## संडे ऑन साइकिल रैली निकाल स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**ठाकुरद्वारा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कालेवाला में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। रविवार सुबह विद्यालय परिसर से रैली का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक साइकिल चलाते हुए ग्राम कालेवाला, माधव वाला तथा आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों को नियमित व्यायाम, फिटनेस और प्रदूषण नियंत्रण के लिए साइकिल चलाने के लाभ बताए गए। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि वर्तमान समय में साइकिलिंग स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सरल और प्रभावी माध्यम है।

इसके साथ ही यह ईंधन की बचत कर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे कार्यक्रम लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़, उप प्राचार्य अजय कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, वरिष्ठ कार्यालय सहायक मनिंद्र कुमार सिंह तथा सुरेश सहित अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से साइकिल चलाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# हीरापुर चकबंदी बैठक में किसानों ने विधायक के सामने उठा भ्रष्टाचार का मुद्दा

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र के गाँव रनियाठेर, लालपुर तीतरी अहरौला, रसूलपुर नगली, चककुहनक में इन दिनों राजस्व विभाग की और से जमीनों की चकबन्दी की जा रही है, जिसमें रविवार के दिन कुन्दरकी



विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की और से किसानों की चकबन्दी में आ रही समस्याओं का निस्तारण करने के लिए गाँव में राजस्व विभाग और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की जा रही थी, जिसमे चकबन्दी टीम के सामने किसान अपनी अपनी बात रख रहे थे, कुछ का तो मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, और कुछ के लिए आगे निस्तारण की बात अधिकारी किसानों से कह रहे थे, इसी बीच रनियाठेर गाँव के प्रधान पति अविनाश चौहान ने राजस्व विभाग चकबन्दी के कर्मचारियो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गाँव में चकबन्दी में लगे कर्मचारी फर्द, में नाम ठीक करना, फर्द में नंबर सही दर्ज करना, मृतक के परिजनो की फौती दर्ज करना, चक को नक्शे में सही दर्ज करने की एवज में किसानो से सुविधा शुल्क लिया जा रहा है, इस पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा है, की इस मामले की जांच कराई जाएगी, और अगर इस मामले में कोई अधिकारी या कर्मचारी लिप्त पाया गया तो उस पर कार्रवाई कराई जाएगी, तो वहीं चकबन्दी डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश संजू ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि अगर राजस्व विभाग की टीम की ओर से इस तरह का कोई काम किया जा रहा है, तो उसकी विभाग की और से जाँच कर कार्रवाई की जाएगी, चकबन्दी में किसी भी किसान को शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा, जुबैर अहमद चकबंदी सीओ, योगेन्द्र कुमार, एसीओ मुकेश कुमार, संतोष आर्य, चरन सिंह, बंदोबस्त अधिकारी राजेंद्र राम, डीडीसी ओमप्रकाश अंजोर, लेखपाल - रीना रानी, कानून गौ सुरेंद्र सिंह, अक्षय कुमार, दीपक चौधरी, मायाराम सिंह कानून गौ, गिरेन्द्र सिंह, अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म के आरोप में पति समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, ननदोई, ननद, जेठानी और जेठ समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म, मारपीट, जान से मारने की कोशिश और तीन तलाक के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतूपुरा निवासी विवाहिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायत पत्र में बताया कि उसका निकाह 8 नवंबर 2025 को उत्तराखंड के गदरपुर निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद यूनुस के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह में उसके परिजनों ने नकदी, आभूषण और घरेलू सामान सहित लाखों रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था और शादी के कुछ दिन बाद ही कार की मांग करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि कार की मांग पूरी न होने पर उसका पति मोहम्मद आरिफ, ननद मैराज बानो, ननदोई नासिर, जेठानी फरजाना व तैय्यबा तथा जेठ शाहिद उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि उसका ननदोई नासिर उस पर गलत नजर रखता था और अश्लील हरकतें करता था। महिला का आरोप है कि कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोगों के कहने पर उसके पति ने एक ही बार में तीन बार तलाक कहकर उसे तलाक दे दिया और घर से धक्का देकर निकाल दिया। साथ ही दोबारा घर आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत नामजद आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही

## दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग, पति समेत आठ पर मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी, ननद, ननदोई समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी कविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 18 मार्च 2025 को मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के गांव मिश्री बेगमपुर निवासी रोहित कुमार के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष उससे संतुष्ट नहीं था। पीड़िता का आरोप है कि पति रोहित कुमार, जेठ कमल, जेठानी सुषमा, सास मोगा देवी, ससुर नन्हें सिंह, ननद प्रियंका, ननदोई सोनू तथा कौशल लगातार उसे शारीरिक और मान. सिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि दहेज में चार पहिया कार और दो लाख रुपये नकद की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत आठ नामजद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# श्री राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापना से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ पूरा गांव

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज में रविवार को मंदिर परिसर में भगवान श्री राधा-कृष्ण की मूर्तियों की विधिवत स्थापना बड़े श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवान के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्वर्गीय हरगोविंद सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय मालती देवी की पावन स्मृति में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र पाल सिंह एवं उनकी पत्नी रेखा सिंह तथा उनके भतीजे मुकेश चौहान एवं उनकी पत्नी नेहा चौहान ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा-अर्चना कर मूर्ति स्थापना कराई। मूर्ति स्थापना से पूर्व मंदिर परिसर से 51 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होकर पुन: मंदिर परिसर पहुंची।



यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्री राधा-कृष्ण के जयकारे लगाते रहे, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। मूर्ति स्थापना एवं वैदिक अनुष्ठान का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से जुड़े आचार्य ओम प्रकाश सिंह द्वारा कराया गया। मूर्ति स्थापना के उपरांत विधिवत हवन-यज्ञ संपन्न हुआ तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर करण सिंह प्रधान, ज्ञान प्रकाश सिंह, धीमान सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, ओमपाल सिंह, राजवीर सिंह, प्रमोद कुमार, मेघनाथ, नीरज कुमार, निर्मला देवी, शिरोमणि देवी, स्वाती, लता, मुन्नी देवी, कविता रानी, हिरण देवी, भाग्यवती देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजन के सफल संपन्न होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भगवान श्री राधा-कृष्ण से गांव की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# मुरादाबाद साहित्यकार दूरभाष निर्देशिका 'साहित्य संपर्क' का किया गया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन आकांक्षा विद्यापीठ इण्टर कॉलेज, मुरादाबाद में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। सरस्वती वन्दना सुप्रसिद्ध कवि राजीव प्रखर द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुरादाबाद के युवा रचनाकार जितेंद्र कुमार जौली द्वारा संकलित मुरादाबाद साहित्यकार दूरभाष निर्देशिका श्साहित्य सम्पर्कश का लोकार्पण किया गया। उपस्थित साहित्यकारों ने जितेंद्र कुमार जौली के इस प्रयास की प्रशंसा की तथा उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार सिंह 'ओंकार' ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महेश दिवाकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज सिंह 'निश्चल' एवं डॉ. चिरंजीलाल 'चंचल' ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली ने किया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज, राष्ट्र और मानवीय संवे. दनाओं को अभिव्यक्ति दी। राजीव प्रखर ने सुनाया- क्या तीरथ की कामना, कैसी धन की आस। बैठी हो जब प्रेम से, अम्मा मेरे पास।। मन की आँखें खोल कर, देख सके तो देख। कोई है जो रच रहा, कर्मों के अभिलेख।। ओंकार सिंह ओंकार ने कहा- रामकृष्ण शंकर जी रहते, अपने स्वच्छ विचारों में। सत्पथ पर चलना सिखलाते, वे हमको अंधियारों में।। योगेन्द्र वर्मा श्व्योमश ने सुनाया-कथनी तो कुछ और पर, करनी है कुछ और। इस युग का सिरमौर है, दुहरेपन का दौर।। चलो करें कुछ कोशिशें, मिलकर ऐसी मित्र। आने वाला कल बने, उजला और पवित्र।। जितेंद्र कुमार जौली ने हास्य कविता प्रस्तुत करते हुए सुनाया- इस कदर बेकरारी छायी कमबख्त। कल रात हमें नींद न आई कमबख्त।। हाल क्या थे आपसे क्या बताएं हम, रात शौचालय में बितायी कमबख्त।। डॉ. महेश शदिवाकरश ने सुनाया-कवि ने सुधरे प्यार से दुष्ट आचरण तात। अपराधी को दीजिए दण्डों की सौगात।। डॉ. चिरंजी लाल चंचल ने सुनाया-करें कोशिश भले जुगनु, सितारे हो नहीं सकते। सहारा ढूंढने वाले, सहारे हो नहीं सकते।। प्रशान्त मिश्र ने कहा-"अपनों" का आना, सिर्फ हवा का ष्झोंकाष है.. "चिता" पर छोड़ आते समय कितनों ने रोका है। रामवीर सिंह वीर ने कहा- उद्वेलित हो प्रश्न मुझसे पूछते इतना बता। आज मानव खोजता फिरता है क्यों सुख का पता।। नकुल त्यागी ने कहा-बड़ों की सीख सेवा से सज संवार यह जाएगी। स्वार्थ लालच क्रोध से उबलकर वह जाएगी।। रिश्ते रखो संभाल के जो मिले सौभाग्य से, जिंदगी है चाय नहीं जो फिर से बन जाएगी। डॉ मनोज रस्तोगी ने कहा- महकी आकाश में, चांदनी की गंध। अधरों की देहरी, लांघ आए छंद। गंगाजल से छलके, नेह के पिटारे, उड़ रही रेत , गंगा किनारे। अशोक कुमार बाबा ने सुनाया- जो नैनो मैं दीप जलाने, जो धड़कन दिल की बढ़ा दें। जो सारी रात तगादे, वो क्या है मेरे यार, वो है प्यार -प्यार-प्यार। इस अवसर पर रघुराज सिंह निश्चल, अशोक विद्रोही, विवेक निर्मल, मंगू सिंह, योगेंद्र पाल सिंह विश्नोई आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महासर्. चव जितेंद्र कुमार जौली द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# सदस्यों के नहीं पहुंचने पर एसडीएच इंटर कॉलेज की बैठक स्थगित

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति की रविवार को प्रस्तावित बैठक सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण कोरम पूरा नही हो सका, इसलिए बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक में प्रबंध समिति के अधिकांश सदस्य नहीं पहुंचे, बैठक का कोरम पूरा न होने के कारण निरस्त कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बैठक में केवल प्रबंधक उमेश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री गोपाल तथा प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ही उपस्थित रहे। जबकि प्रबंध समिति में कुल 11 सदस्य एवं प्रधानाचार्य शामिल हैं। साथ ही इस बीच एक शिकायतकर्ता ने बैठक की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि शासन द्वारा 19 मई 2026 को जारी आदेश में वर्ष 2011 से पूर्व गठित प्रबंध समिति के चुनाव के आधार पर नई समिति के गठन का उल्लेख किया गया है। साथ ही वर्ष 2011 के बाद गठित समितियों को भंग किए जाने की बात भी कही गई है।

ऐसे में वर्तमान प्रबंध समिति द्वारा बैठक बुलाए जाने के अधिकार को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें उच्चाधिकारियों को भेजी जाती रही हैं। इन शिकायतों की कई बार जांच भी हुई, जिनमें कुछ मामलों में समिति को दोषी पाए जाने की बात सामने आई। हालांकि बाद में मामले आगे नहीं बढ़ सके। लगातार उठ रहे विवादों और आरोपों से नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की छवि प्रभावित हो रही है। कालेज के प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रबंध समिति के निरस्तीकरण में कोई नोटिस प्राप्त नही हुआ है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे दोनो लड़के राशिद हुसैन अंसारी उसकी पत्नी फरजाना व कासिद हुसैन व उसकी पत्नी फातिमा मेरा कहना भी नहीं मानते हैं तथा मुझसे गलत व्यवहार करते हैं मेरी देखभाल नहीं करते है इसलिए मैने अपने दोनों पुत्र व दोनों पुत्रवधु व दोनों के वारिसों से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल लादावा कर दिया है। भविष्य में यदि कोई इनसे संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नईमा खातून पत्नी जाहिद हुसैन निवासी ग्राम फूलसंदा गंगदास नहटौर जिला बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी (मुरादाबाद)**

पत्रांक: मीमो/ न0पा0परि0बि0/2026-27 **::नोटिस::** दिनांक 3.06.2026

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला महाजनान वार्ड संख्या-07 तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-65 जो गृहकर अभिलेखों में श्री पूरन पुत्र श्री राम स्वरूप कुम्हार निवासी मौ० महाजनान, कस्बा व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है पर श्री रामौतार पुत्र श्री पूरन सिंह निवासी मौहल्ला महाजनान तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के द्वारा उक्त भवन के 32 वर्गगज एरिया में गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक-03.12.2025 को प्रेषित किया गया है। जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र व सहमति पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की गयी है।

| क्र. सं. | भवन संख्या | मौहल्ला | वर्तमान में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 65 | महाजनान | श्री पूरन पुत्र श्री राम स्वरूप कुम्हार | श्री रामौतार पुत्र श्री पूरन सिंह |

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है। बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बिलारी ( मुरादाबाद )**

**कार्यालय पी0 एम0 श्री कम्पाजिट विद्यालय बिलारी वि0 खं0 बिलारी (मुरादाबाद)**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस. एस.ए./ ज०भ०/6077-82/2025-26 दिनांक 16.10.2025 तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलारी के पत्रांक जर्जर भवन /164-68/2026-27 दिनांक 19.05.2026 के अनुपालन में विकास-खण्ड बिलारी के पी० एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी के 4 जर्जर (जीर्ण-शीर्ण) कमरों की नीलामी दिनांक 17.06.2026 को गठित जर्जर भवन नीलामी समिति की उपस्थिति में पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी के प्रागंण में समय 11:00 बजे की जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है (नीलामी के नियम व शर्ते विद्यालय समय में विद्यालय आकर इं.अ. से देख सकते हैं।)

**अरसमा कमाल**
**ई.अ.(सचिव)**
**मो0 9058224199**

**असमा कमाल (प्रधनाध्यापक)**
**कम्पोजिट स्कूल बिलारी वि0 खं0**
**बिलारी (मुरादायाद)।**

# मुल्लांपुर टेस्ट में भारत ने अफगानिस्तान पर कसा शिकंजा

## मानव-कृष्णा ने दिए पांच झटके, भारत के 564 रन के जवाब में अफगान के पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन

**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में दूसरे दिन मेजबान टीम ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने विशाल स्कोर खड़ा किया, फिर गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। मेहमान टीम अभी भी भारत के स्कोर से 451 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाल लिया। सुदर्शन ने 104 गेंदों में 81 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। वहीं राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन की शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां शतक रहा। राहुल के आउट होने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पहले राहुल के साथ 67 रन और फिर ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 169 रन की बड़ी साझेदारी की। गिल ने 177 गेंदों पर 126 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। ऋषभ पंत ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके




और तीन छक्के शामिल रहे। अंत में वाशिंगटन सुंदर 52 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि कुलदीप यादव नौ रन पर नाबाद रहे। भारत ने 2023 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट मैच में 550 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले टीम ने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 571 रन बनाए थे। इसके अलावा 564 रन अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इस सूची में शीर्ष पर जिम्बाब्वे है, जिसने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ 586 रन बनाए थे। गिल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 169 रन की साझेदारी भी भारत की ओर से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 140 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज बन गए। सैफी अब टेस्ट की एक पारी में अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे जियाउर रहमान हैं, जिन्होंने 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 97 रन देकर सात विकेट लिए थे। विशाल लक्ष्य के जवाब में अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 28 रन के स्कोर पर अब्दुल मलिक द्ध16ऋ का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज भी 12 रन बनाकर चलते बने। सेदिकुल्लाह अटल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि अफसर जजई सिर्फ 3 रन ही बना सके। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, रहमत शाह ने एक छक्के और छह चौकों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेलकर संघर्ष जारी रखा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह क्रीज पर डटे हुए थे। भारत की ओर से पदार्पण कर रहे स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15.5 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम फिलहाल मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रही है। तीसरे दिन शुरुआती सत्र में अफगानिस्तान को जल्द समेटकर भारत बड़ी बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि मेहमान टीम की उम्मीदें रहमत शाह और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर डटी हुई हैं।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में रायपुर के आयुष पांडे चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में राजधानी रायपुर के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे का चयन आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में किया गया है। घरेलू क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर उन्हें यह अवसर मिला है। 22 वर्षीय आयुष पांडे प्रदेश के उभरते हुए सलामी बल्लेबाजों में शामिल हैं। हाल के सत्रों में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ खेली गई उनकी 183 रन की शानदार पारी को उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में माना जा रहा है। आयुष ने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैचों की 34 पारियों में 1430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और पांच अर्धशतक निकले हैं। वहीं लिस्ट -ए क्रिकेट में उन्होंने छह मैचों की छह पारियों में 44.66 की औसत से 268 रन बनाए।

---

**खेल विशेष**

### ब्राजील ने अभ्यास मैच में मिस्र को हराया

**क्लीवलैंड।** शनिवार को ब्राजील ने मिस्र को 2-1 से हराकर अपनी विश्व कप की तैयारियों को और मजबूत किया। इस मैच में ब्रूनो गुइमारेस और एंड्रिक ने दोनों हाफ में गोल किए। न्यूकैसल यूनाइटेड के कप्तान गुइमारेस ने 18-यार्ड बॉक्स के किनारे पर मोहनद लशीन से गेंद छीनकर और शांति से दूर के कोने में शॉट मारकर स्कोरिग की शुरुआत की। अफ्रीकी टीम के लिए मुस्तफा जकी ने बराबरी का गोल किया उन्होंने मार्क्विनहोस के गलत बैक पास को इंटरसेप्ट किया और गोलकीपर एलिसन बेकर को छकाते हुए एक लो शॉट मारा। हाफटाइम में इगोर थियागो की जगह मैदान पर आए एंड्रिक ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### ब्राजील ने अमेरिका की महिला सॉकर टीम को हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील की महिला सॉकर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमे. रिका की महिला राष्ट्रीय सॉकर टीम द्धयूएसडब्ल्यूएनटीऋ को 2-1 से हराया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में सोफिया विल्सन ने शुरुआत में ही गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन ताइना मारान्हाओ और बिया जानेराटो के तेजी से किए गए दो गोल ने मेजबान टीम को अमेरिका के खिलाफ 44 मैचों में अपनी पांचवीं जीत दिला दी। एम्मा हेस की टीम को देश से बाहर अपना प्रभाव छोड़ने में केवल दो मिनट लगे। उन्होंने खेल के अपने पहले ही हमले में गोल करके गतिरोध तोड़ा।

### नबीला सोल बराजा हैं कोहली की फैन

**अहमदाबाद।** जहां एक ओर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय योगासन खिलाड़ी और भारतीय मूल के कई प्रतिभागी सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं दक्षिण अमेरिका से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ी नबीला सोल बराजा भी अपनी सटीकता, सौंदर्य और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और साथी खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अर्जेंटीना की नबीला सोल बराजा इस चैंपियनशिप की सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं।

### एलीट क्रिकेट कोचिंग : एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** कबूनी, एक जबरदस्त एआई-पावर्ड ग्लोबल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म, मुंबई में अपने पहले प्लेटाइम 2026 इवेंट में लॉन्च हुआ है, जो हर लेवल के क्रिकेट फैंस के लिए आसान, एलीट-लेवल कोचिंग के एक नए दौर की शुरुआत करता है। खेल, टेक्नोलॉजी और खेल के मेल पर मौजूद, कबूनी ट्रेनिग के लिए दुनिया का पहला तरीका पेश करता है: एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी के जरिए रियल-टाइम, पर्सनलाइज्ड कोचिंग देना, जिससे सभी लेवल के खिलाड़ी कभी भी, कहीं भी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकें।

---

## ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में शनिवार को बंगलादेश पर भारत की जीत के बाद, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दिग्गज खिलाड़ी ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।

30 साल की इस भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने अपना तीसरा सैफ महिला चैंपियनशिप खिताब जीतकर और इनाम वितरण समारोह के दौरान कप्तान के तौर पर ट्रॉफी उठाकर शानदार अंदाज में विदाई ली। हालांकि ग्रेस ने मैच की शुरुआत नहीं की थी, लेकिन वह सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरीं और बाद में उन्हें कप्तानी सौंपी गई, जिससे उन्हें भारतीय जर्सी में एक यादगार विदाई मिली। मैच के बाद ग्रेस ने कहा, ष्खेल के आखिर में माहौल बहुत भावुक था, और जिस चीज से मुझे सबसे अधिक प्यार है, उसे अलविदा कहना वाकई बहुत मुश्किल है।ष ग्रेस डैंगमेई ने 2013 में अपना सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण करने के बाद भारत के लिए 95 मैच खेले और फिर फुटबॉल से संन्यास ले लिया। 15 सालों के दौरान, उन्होंने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिए खुद को सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित किया और टीम के लिए 24 गोल किए। 5 फरवरी 1996 को साइमन डैंगमेई और रीता डैंगमेई के घर जन्मीं ग्रेस डैंगमेई मणिपुर के डिमडाइलॉन्ग गांव की रहने वाली हैं। वह उन भारतीय टीमों की सदस्य थीं, जिन्होंने पिछले दशक में साउथ एशियन महिला फुटबॉल पर दबदबा बनाए रखा।

### नेमार ने वर्ल्ड कप से विदाई का संकेत दिया

**न्यू जर्सी।** ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार ने संकेत दिया है कि गुरुवार से शुरू होने वाला फीफा वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा। 34 साल के खिलाड़ी ने फीफा के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में यह बात कही। इस पोस्ट में नेमार के करियर की तस्वीरें थीं और साथ में लिखा था, हमने उन्हें बड़े होते देखा है। सैंटोस के इस अटैकर ने कमेंट सेक्शन में जवाब दिया, द लास्ट डांस (आखिरी डांस) दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के 1997-98 में शिकागो बुल्स के साथ खेले गए आखिरी सीजन से जुड़ा है। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार, जिन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' फटने की चोट के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## भारतीय महिला टीम ने सैफ चैंपियनशिप जीती

### फाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को हराया

**मडगांव/नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बंगलादेश को हराकर दक्षिण एशिया फुटबॉल चैंपियनशिप द्धसैफऋ का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने छठी बार यह टूर्नामेंट जीता है।

मडगांव के पं.जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने डिफेंडिग चैंपियन बंगलादेश को 3-1 से हराया। भारतीय टीम के लिए प्यारी जाख्सा ने , सनफिदा नोंगरुम ने और लिडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। वहीं बंगलादेश के लिए रितु पोर्ना ने एकमात्र गोल दागा। मेजबान भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल



एक गोल खाया। इसी बीच उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रविवार कोबधाई दी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की तारीफ की और भरोसा जताया कि उनकी यह कामयाबी और अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने टीम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, ष्सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया है। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने का प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को भविष्य के प्रयासों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत की यह जीत देश में महिला फुटबॉल के लिए एक और बड़ा मील का पत्थर है तथा दक्षिण एशियाई फुटबॉल में टीम के दबदबे को और मजबूत करती है। यह जीत ऐसे समय में मिली है जब जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रमों, बेहतर बुनियादी ढांचे और प्रतियोगिताओं के जरिए महिला फुटबॉल को मजबूत करने के प्रयास तेज हैं।

---

## बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार को और मौके मिलने चाहिएं थे : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित करने के लिए थोड़ा और समय दिया जा सकता था, बजाय इसके कि टी 20 विश्व कप खिताब जिताने के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्हें भारत की टी20 टीम से पूरी तरह बाहर कर दिया जाए।

बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार का टी- 20 विश्व कप साधारण रहा था। उन्होंने 136-72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल में भी वह लय हासिल नहीं कर सके और 147-54 के स्ट्राइक रेट से 270 रन ही बना पाए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के वीडियो शो में अश्विन ने कहा, ष्देखिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत




दिलचस्प मिसाल है। मैं एक पल के लिए खुद को सूर्यकुमार यादव की जगह रखकर सोचता हूं कि इस समय वह कैसा महसूस कर रहे होंगे। मुझे यकीन है कि किसी भी खिलाड़ी को टीम से बाहर किए जाने पर दुखी होने का पूरा हक है और अगर वह बुरा महसूस कर रहे हैं, तो यह पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा, ष्लेकिन जिस तरह यह फैसला लिया गया है, उसे लेकर मुझे थोड़ी झिझक है क्योंकि मैं अपने मन में सोच रहा हूं--- अगर मैं खुद को सूर्यकुमार की जगह रखूं तो? ठीक है, मेरी बल्लेबाजी का फॉर्म पिछले 18 महीनों या 15 महीनों में मेरा साथ नहीं दे पाया। मैं उस स्तर पर नहीं खेल पाया, जैसा खेल सकता था। लेकिन फिर भी मैं देश के लिए टी 20 विश्व कप जीतने में कामयाब रहा।' ष्बल्लेबाज के तौर पर मेरा विश्व कप बहुत शानदार नहीं रहा, लेकिन टीम के बाकी लोगों- कोच, उपकप्तान, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की तरह, क्या मैं भी एक सफल कप्तान नहीं हूं? मैंने भी तो अपनी भूमिका निभाई है।ष अश्विन ने आगे कहा कि इतना कठोर फैसला भविष्य के चयन के लिए एक नई मिसाल भी कायम करेगा। उन्होंने कहा, ष्क्या हम बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ियों को उनकी जगह रखकर देख सकते हैं? क्या कभी ऐसा हुआ है कि टी 20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान को बिना किसी अंतिम चेतावनी के टीम से बाहर कर दिया गया हो? मुझे यकीन है कि उनसे बात हुई होगी, इस पर मुझे कोई संदेह नहीं है।

## उलानबतोर ओपन: भारतीय पहलवानों ने जीते दो स्वर्ण सहित कुल छह पदक

**उलानबतोर ( मंगोलिया )।** सागर जगलान और टीनएजर काजल ढोचक ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीत।

भारतीय पहवानों ने इस दिन दो स्वर्ण सहित छह पदक अपने नाम किए। शनिवार को हुए मुक. ाबले में 21 साल के सागर जगलान ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 74किग्रा वर्ग के फाइनल में तामिर एशिनिमाएव को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर-फाइनल में अपने ही देश के जयदीप को 7-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सागर ने सेमीफाइनल में मंगोलिया के टोलुई मुंखबात को टेक्निकल सुप. ीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराया। वहीं, 22 साल के जयदीप ने रेपचेज के जरिए वापसी की और मेडल मुकाबले में मुंखबात को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 15-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सागर जगलान और जयदीप, दोनों के लिए ए उनके दूसरे रैंकिग सीरीज पदक है। सागर ने जुहायर सघायर 2022 में रजत पदक जीता था, जबकि जयदीप ने उलानबतोर में लगातार दूसरे साल कांस्य जीता। महिलाओं की रेसलिग में, अंडर 23 एशियाई चैंपियन काजल ने 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की डमोला ओजो (जो एक अफ्रीकन चैंपियन हैं) को 8-0 से हराया। 18 साल की काजल ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान की गुलमारल एरकेबाएवा को 'फॉल' से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की और फिर क्वार्टर-फाइनल में चीन की साइहान आओ को 12-1 से हराया। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एल्मिरा सिजदिकोवा को 'फॉल' से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। एशियाई खेलों में जाने वाली रेसलर प्रिया मलिक ने इसी कैटेगरी में मंगोलिया की तुवशिनजार्गल ताराव को 8-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। प्रिया सेमीफाइनल में डमोला ओजो से 5-1 से हार गई थीं, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में खेलना पड़ा। भारत की हंसिका लांबा ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरिउनजाया ओडोनचिमेग के खिलाफ 10-0 से 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर जीत हासिल करके कांस्य पदक जीता। हंसिका को क्वार्टर- फाइनल में उत्तर कोरिया की ह्योग्योंग चो से हार का सामना करना पड़ा था।

---

## मोहक के विस्फोटक शतक से बाल भवन क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल सी लीग मुक. ाबले में बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए भवानी यूथ क्रिकेट क्लब को रविवार को 26 रन से पराजित किया।

टॉस जीतकर भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 231 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मोहक कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 104 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे। यश भाटिया ने 27 गेंदों पर 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि यजस शर्मा ने 26 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भवानी यूथ की ओर से सभय ढ्ढा ने 48 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि महाक्ष दीवान और कार्तिक पवार ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की टीम कघ संघर्ष के बावजूद 18-3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। सनत सांगवान ने 66 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। गुलजार संधू ने 29 और विमन्यु ने 25 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके।

## गैबी थॉमस ने जीता 200 मीटर का खिताब

**टेक्सास।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन गैबी थॉमस ने 21-70 समय के साथ लोन स्टार ग्रां प्री में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष महिलाओं की दौड़ का सबसे तेज समय है। वहीं कैमरीन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

मुकाबले में अमेरिका की स्प्रिंटर थॉमस ने पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक-जीतने वाले 21-83 सेकंड के प्रदर्शन से भी तेज दौड़ लगाई, और 2023 में बनाए गए अपने व्यक्तिगत सबसे अच्छे समय से सिर्फ 0-10 सेकंड पीछे रहीं। तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट ने कॉलेज स्टेशन, टेक्सास में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे रहते हुए रेस जीती। अमेरिका की कायला व्हाइट 22-07 सेकंड के साथ दूसरे और नाइजीरिया की




फेवर ओफिली 22-15 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मुक. ाबला जीतने के बाद थॉमस ने कहा, ष्मैं इस समय को देखकर थोड़ी हैरान हूं, लेकिन मैं कड़ा अभ्यास कर रही हूं। अफ्रीका में मेरा टूर बहुत अच्छा रहा, और अब मेरी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। मैं इस 'ऑफ' ईयर (बिना बड़े टूर्नामेंट वाले साल) का आनंद ले रही हूं क्योंकि इसमें ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप का कोई दबाव नहीं है, इसलिए मैं बस इस सीजन का मजा ले रही हूं।ष थॉमस ने सेंट लूसिया की मौजूदा ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन जूलियन अल्फ्रेड द्वारा अप्रैल में ऑस्टिन, टेक्सास में बनाए गए 21-86 सेकंड के 2026 के पिछले वर्ल्ड बेस्ट समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में नैरोबी द्धकेन्याऋ और अदीस अबाबा द्धइथियोपियाऋ में भी 200 मीटर स्पर्धा जीती थी। ओलंपिक चैंपियन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो इवेंट में 79-36 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। उन्होंने अमेरिका की रेचल रिचसन की कड़ी चुनौती का सामना किया। रोजर्स की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही। उन्होंने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर 74-43 मीटर का थ्रो किया, जबकि रिचसन ने 74-53 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआती बढ़त बना ली थी। बाद में, कनाडा की रोजर्स ने मुकाबले में वापसी की और तीसरे राउंड में 79-36 मीटर का थ्रो करके बढ़त बना ली। उनकी नॉर्थ अमेरिकन प्रतिद्वंद्वी रिचसन ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 79-33 मीटर का थ्रो किया। आखिरकार, केवल तीन सेंटीमीटर के अंतर से मुकाबले का नतीजा तय हुआ। रोजर्स जीतीं, रिचसन दूसरे स्थान पर रहीं।

# थाना कटघर में हुई अपराध समीक्षा गोष्ठी

## लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के एसपी सिटी ने दिए निर्देश



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने थाना कटघर में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर ने लंबित विवेचनाओं और पुराने प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।बैठक में उपनिरीक्षकों द्वारा माह के दौरान किए गए कार्यों का भी मूल्यांकन किया गया। साथ ही थाने में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें।

इसके अलावा चौकीवार अपराधियों के सत्यापन, श्रेणीकरण एवं निगरानी व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक नगर ने सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखने तथा उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों एवं विभिन्न पुलिस कार्यों की प्रगति का भी आकलन किया।गोष्ठी के अंत में कुमार रणविजय सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रभावी पुलिसिंग, जनसुनवाई को बेहतर बनाने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 100 से अधिक पुलिसकर्मियों व परिजनों ने लिया लाभ



**चन्दौसी।** वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में जिला अस्पताल संभल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों एवं उनके परि. जनों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ तथा महिला चिकित्सा अधिकारी समेत विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित होकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं की जांच सहित विभिन्न चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराए गए। जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। ऐसे स्वास्थ्य शि. विर पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संभल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद की मुख्य एवं नवउदय शाखा का दायित्वबोध एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा चन्दौसी एवं नवउदय शाखा चन्दौसी द्वारा संयुक्त रूप से दायित्वबोध एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन झुन्नीलाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। समारोह में परिषद के विभिन्न प्रांतीय पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर नवगठित कार्यकारिणी को मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक अजय बिश्नोई ने परिषद के सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. सोमप्रकाश वार्ष्णेय ने संस्कार एवं सेवा गतिविधियों को परिषद की पहचान बताते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। प्रांतीय सचिव नीरज मित्तल ने दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए शपथ दिलाई। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव राहुल वार्ष्णेय ने वित्तीय प्रबंधन एवं वार्षिक कार्ययोजना निर्माण पर विस्तार से जानकारी दी। प्रांतीय संयोजक संपर्क डॉ. एस.एन. शर्मा ने समाज के उत्कृष्ट व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं आदर्श नागरिकों को परिषद से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रांतीय संयोजक पर्यावरण अतुल शंकर चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के विषय में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मुख्य शाखा चन्दौसी के अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव आशा बिसारिया, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा सहित विभिन्न संयोजकों को दायित्वबोध कराया गया। वहीं नवउदय शाखा में विष्णु शर्मा को अध्यक्ष, मधुर वार्ष्णेय को सचिव एवं नितिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संच. ालन सुनीता शर्मा एवं आशा बिसारिया ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रांतीय संयोजक वनवासी सहायता विकास गोयल, जिला संयोजक प्रभात कृष्णा, बहजोई से संभव जैन सहित दोनों शाखाओं के सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। समारोह में रमेश अधीर एवं सुखपाल सिंह गौर ने काव्य पाठ प्रस्तुत कर समां बांधा। वंदे मातरम् और सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ा भारी




**चन्दौसी।** सोशल मीडिया पर की गई एक कथित आपत्तिजनक पोस्ट एक स्वयंभू पत्रकार को भारी पड़ गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया तथा न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुनीश शर्मा पुत्र स्वर्गीय सुरेशचंद्र शर्मा निवासी हनुमानगढ़ी, चन्दौसी जनपद संभल के रूप में हुई है। आरोपी पर सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी सामग्री प्रसारित करने का आरोप है, जिसे लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ अपराध सं0 167/2026 धारा 196(क) व 352 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से सोशल मीडिया पर विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों और विभागों के संबंध में विवादित टिप्पणियां और पोस्ट करता रहा था। उसकी कई पोस्ट पहले भी चर्चा और विवाद का विषय बनी थीं। आरोप है कि वह अक्सर ऐसे मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाता था, जिनसे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों तथा अन्य लोगों के संबंध में की गई उसकी टिप्पणियों को लेकर भी समय-समय पर आपत्तियां सामने आती रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन इसका प्रयोग कानून और सामाजिक मर्यादाओं के दायरे में रहकर किया जाना चाहिए। किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समुदाय के खिलाफ भ्रामक, आपत्ति. जनक या शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री का प्रसारण कानूनन अपराध की श्रेणी में आ सकता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी सामग्री को साझा करने से पहले उसकी सत्यता और कानूनी पहलुओं का ध्यान रखने की अपील की गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक भगतपुर टांडा व पीपलसाना उपकेंद्र में किया वृक्षारोपण

**भोजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड भगतपुर टांडा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अमर सिंह ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। तो वहीं अधीक्षण अभियंता गुलशन गोयल, एवं उपखंड अधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। इस दौरान अधीक्षण अभियंता गुलशन गोयल, अधिशासी अभियंता राहुल सिंह, उपखंड अधिकारी अंकित कुमार, तथा विकासखंड भगतपुर टांडा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया।

# बीएमबीएल जैन सेवा न्यास की ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में 9,987 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बाबू मुकुट बिहारी लाल (बी. एम.बी.एल.) जैन सेवा न्यास द्वारा आयोजित ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 9,987 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। न्यास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जीव दया एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह पूर्वक प्रतिभागियों ने भाग लिया। न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि बी.एम.बी.एल. जैन सेवा न्यास सेवा, संस्कार एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित वृक्ष कटान और बढ़ता प्रदूषण वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रमुख कारण हैं, जिनका प्रभाव समूची मानवता पर पड़ रहा है। इन चुनौतियों का समाधान अधिकाधिक वृक्षारा. ेपण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने में निहित है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि न्यास द्वारा आगामी जुलाई माह में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को और गति मिलेगी। न्यास सचिव नमन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम निर्णायक मंडल द्वारा परीक्षण उपरांत 21 जून तक घोषित किए जाने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ऑनलाइन प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन संभव जैन एवं अमन जैन एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलका जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, अक्षय राठौर, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। न्यास ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया।




# बेरनी में हुई बैलों की दौड़ प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में रविवार को अपरान्ह चार बजे बैलों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के बरेली, रामपुर, बदायूँ, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, बुलंदशहर आदि जनपदों के बैल दौड़ प्रतियोगिता प्रेमियों ने भारी संख्या में अपने अपने बैलों के साथ भाग लिया। बैल दौड़ प्रतियोगिता से गाँव की संस्कृति व पशु प्रेम की झलक देखने को मिली। जोगेंद्र सिंह निवासी बेरनी व गिरीश बाबू निवासी हरदासपुर के बैलों के बीच हुई प्रतियोगिता में जोगेंद्र सिंह के बैलों ने जीत हासिल की। वहीं सो. हनसिंह निवासी मड़ैया के बैलों ने छत्रपाल निवासी बरा भानपुर के बैलों को हराया, ओमवीर निवासी चौकौनी तथा जाकिर निवासी हेमतपुर अमरोहा के बैलों के बीच मुकाबला बराबर रहा, अतरसिंह निवासी चितौरा व वीरेंद्र निवासी खंदेली के बैलों के बीच मुक. ाबले में अतरसिंह के बैलों ने जीत हासिल की, अतुल निवासी बलक. रनपुर के बैलों ने सन्ती निवासी अल्हेपुर के बैलों को हराया, रामवीर निवासी शाह सहाबर के बैलों ने मनोज यादव निवासी बरा थानपुर के बैलों को तथा करतार सिंह निवासी यादपुर के बैलों ने कृष्ण पाल वर्मा निवासी हरद. ासपुर पुर के बैलों को हराया। बन्टी निवासी सरथल खेड़ा के बैलों ने धूम सिंह निवासी खंदेली के बैलों को हराया, कमल निवासी बलकरनपुर के बैलों ने हरि सिंह निवासी बेरनी के बैलों को हराया, अर्जुन निवासी सुकटिया के बैलों ने बालिस्टर निवासी खंदेली के बैलों को हराया, राकेश निवासी पृथ्वीपुर के बैलों ने देवेंद्र निवासी चितौरा के बैलों को हराकर जीत हासिल की। बैलों की प्रतियोगिता को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजयी रहे बैलों के पालकों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता आयोजन में रामबीर सिंह ग्राम प्रधान बेरनी, महावीर सिंह यादव की मुख्य भूमिका रही वहीं रामगोपाल, बाबाजी, सत्यपाल सिंह, जोगेन्दर, टीकाराम, चेतेन्द्र, रामवीर सिंह, विमल यादव, रौहन सिंह, अंकित कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# टीएमयू के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी फिर बेस्ट, अब गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, नई दिल्ली ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस, यूनाइटेड किंग्डम की ओर से ऐतिहासिक ऑफिशियल अटेंप्ट में भाग लेने के लिए प्रो. राजुल रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया है। हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुए इस विशाल सामूहिक प्रशिक्षण सत्र का हिस्सा बनने के लिए प्रो. रस्तोगी को इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रो. राजुल रस्तोगी एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईआईआईटी, हैदराबाद से पहले से ही सर्टिफाइड हैं। यह इस बात का एक सशक्त प्रमाण है, रेडियोडायग्नोसिस का क्षेत्र कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है, यूट्यूब पर हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाइव स्ट्रीम लेसन को सबसे ज्यादा देखने वालों की संख्या 17,999 है, जिसे दिल्ली, भारत के नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने हासिल किया है। इस उपलब्धि से गदगद प्रो. राजुल रस्तोगी कहते हैं, चिकित्सा के क्षेत्र में एआई का भविष्य अब स्वर्णिम है, यह एक ऐसा उपकरण है, जिसे हम अगले नए क्षितिज की ओर कदम बढ़ाते हुए आज आकार दे रहे हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में पीजी चिकित्सा शिक्षा और परीक्षाओं के मानकों को ऊंचा और मानकीकृत करना है। एनबीईएमएस, चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश, स्क्रीनिंग और एग्जिट परीक्षाएं आयोजित करता है। यह निकाय नीट-पीजी, नीट-एमडीएस और डीएनबी-सीईटी सरीखी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं संचालित करता है। साथ ही विदेशों से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए यह एफएमजीई परीक्षा आयोजित करता है।

चिकित्सा स्नातकों के लिए डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड और फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड जैसी उच्च स्तरीय उपाधियां और मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रदान करता है। बोर्ड समय-समय पर आधुनिक चिकित्सा और तकनीकी कौशल जैसे- चिकित्सा शिक्षा में एआई पर मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाता है।




### पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

**मुरादाबाद।** मुस्लिम इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन एवं प्रधानाचार्य नोमान जलील ने छात्रों को इस दिवस के महत्व की जानकारी दी और बताया कि पर्यावरण को संतुलित रखना हम सभी का कर्त्तव्य है, क्योंकि हमारा जीवन पेड़ पौधों पर निर्भर करता है जिस प्रकार भोजन व जल के बिना हम जीवित नहीं रह सकते, ठीक उसी प्रकार बिना शुद्ध वायु के जीवन असंभव है, जो शुद्ध वातावरण से ही संभव है कार्यक्रम अधिकारी श्री मुशाहिद हुसैन ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पहली बार 5 जून सन 1973 को मनाया गया था आज दुनिया भर के 150 से अधिक देश इस वार्षिक अभियान मे हिस्सा लेते है पर्यावरण दिवस पर हमें ये शपथ लेनी है कि हम सब मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जल और ऊर्जा की बचत करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, पेड़ों की कटाई रोकें, जलवायु परिवर्तन व प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर विशेष ध्यान दें और हमें पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने चाहिए.इस अवसर पर छात्रों के साथ मिलकर प्रधानाचार्य व कार्यक्रम अधिकारी ने पौधे लगाए, इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक श्री रिया जुल इस्लाम, श्री वाजिद हुसैन, सलमान जलील, मौहम्मद दानिश अली,मोहम्मद अथर खान, स्टॉफ के श्री तस्लीम अहमद, शारीक उस्मानी, अदीम अहमद, पुष्पेंद्र, मुकेश तथा श्री मनीष उपस्थित रहे।



# चन्दौसी की वैज्ञानिक प्रतिभा की विश्व पटल पर गूंज

## डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. सोनिया धीमान की शोध पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर की वैज्ञानिक प्रतिभा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चन्दौसी का नाम गौरवान्वित किया है। श्री वार्ष्णेय समाज सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में बृज नगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में चन्दौसी के गौरव डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. सोनिया धीमान द्वारा संपादित तथा विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित शोध पुस्तक ष्सर्वव्यापी पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन प्रदूषणष् का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् डॉ. टी.एस. पाल (प्रबंधक, भारतीय मानव कल्याण समिति), वरिष्ठ शिक्षाविद् राम किशोर वार्ष्णेय तथा सुभाष चन्द्र भोलेनाथ (संयुक्त महामंत्री, अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा) ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि ज्ञान और शोध की कोई सीमा नहीं होती। चन्दौसी जैसे नगर से निकलकर अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक योगदान देना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन ऐसे रासायनिक यौगिक हैं, जो कोयला, पेट्रोलियम, डीजल, लकड़ी, कचरा तथा अन्य जैविक पदार्थों के अपूर्ण दहन से उत्पन्न होते हैं। इन्हें सर्वव्यापी इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये वायु, जल, मिट्टी तथा खाद्य पदार्थों सहित पर्यावरण के लगभग प्रत्येक घटक में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगी। वर्तमान में जर्मनी में उच्च स्तरीय शोध कार्य कर रहे डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. सोनिया धीमान ने अपने संदेश में बताया कि यह पुस्तक केवल शोध लेखों का संग्रह नहीं, बल्कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के विरुद्ध एक वैज्ञानिक दस्तावेज है। डॉ. हिमांशु ने कहा कि यह पुस्तक भविष्य के शोधकर्ताओं को प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण में उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करेगी। वहीं डॉ. सोनिया, जो विश्व प्रसिद्ध मैरी क्यूरी शोध परियोजना के अंतर्गत कार्य कर रही हैं, ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य सूक्ष्म स्तर पर मौजूद प्रदूषकों की पहचान तथा उनके निवारण की आधुनिक तकनीकों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है। इस अंतरराष्ट्रीय शोध कृति में जामिया मिलिया इस्लामिया के डॉ. सुघोष माधव तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमोद कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तक मुख्य रूप से पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन के प्रदूषण, पहचान, उपचार तथा शोधन की आधुनिक तकनीकों पर आधारित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के महामंत्री विपिन वार्ष्णेय बालाजी ने तथा संच. ालन सर्वेश चीनी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील वार्ष्णेय, मधुर कुमार वार्ष्णेय, सुभाष चन्द्र वार्ष्णेय, शैलेन्द्र वार्ष्णेय, विष्णु कुमार, सचिन गुप्ता, दीपक वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, के. जी. गुप्ता, हिमेश चन्द्र गुप्ता, दीपा वार्ष्णेय, श्यामसुन्दर दुबे, मुनीश बाबू, प्रमोद गुरु, अनिमेष गुप्ता एवं वेदांश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उपस्थित लोगों ने दोनों वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि को चन्दौसी की बौद्धिक एवं वैज्ञानिक पहचान का गौरवपूर्ण क्षण बताया।




### भाजपा कार्यकर्ता पर जान लेवा हमला के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील अन्तर्गत थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में गांव के ही दबंग युवक द्बारा जानलेवा हमले में वांछित चल रहे आरोपी वीरेश पुत्र जगत सिंह निवासी दियौरा खास को छः जून को कुढफतेहगढ थाने में दर्ज मुकदमा 112/26 धारा 333/74/109(1),115(2),352 तथा मुकदमा 113/26 109(1)/115(2)/351(2)/3(5) के अन्तर्गत शनिवार को सवा पांच बजे दियौरा खास से गंदूपुरा जाने वाले कच्चे मार्ग पर एस आई कपिल कुमार व कांस्टेबल रमन कुमार, मंजीत व रजत कुमार ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# लो फिर बढ़ गए दाम

पहले से ही महंगाई की आंच में झुलस रहे लोगों को रविवार को एक और झटका लग गया। ऐसा तीसरी बार है जब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। तीन महीने में ही यह कीमत दूसरी बार बढ़ाई गई है। इससे पहले सात मार्च को एलपीजी के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे। कुल बढ़त की बात करें, तो एलपीजी सिलेंडर तीन महीने में 89 रुपये महंगा हो गया है। भले ही इस वृद्धि के लिए सरकार को कोसें, लेकिन सरकार ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच अभी भी भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। सरकार के अनुसार भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अन्य देशों आस्ट्रेलिया, अमेरिका जैसे एडवांस इकोनामी के मुकाबले काफी कम हैं और इसका कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है ताकि आम लोगों पर इसका भार न पड़े। कॉमर्शियल सिलेंडर की बात करें, इसमें तो बेतहाशा वृद्धि हुई है। 19 किलोग्राम का कॉमर्शियल सिलेंडर 3113 में बिक रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत को पेट्रोलियम व गैस जैसे पदार्थ भारी मात्रा में आयात करने पड़ते हैं और पश्चिम एशिया में आए व्यवधान ने स्थिति को काफी पैचीदा बनाया है। फरवरी के अंत में जिस तरह ईरान ने होर्मुज बंद किया है, उसने भी गैस की कीमतों में उछाल लाने का काम किया है। दुनिया का करीब एक तिहाई तेल और भारत की 54 प्रति. एलपीजी का आयात होर्मुज के रास्ते ही होता है। हालांकि भारत अपने बेहतर तालमेल के जरिये अपने जहाजों की आवाजाही हो रही है। सरकार अभी भी बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है, क्योंकि इस समय में भारत में एक एलपीजी घरेलू सिलेंडर की कोस्ट 1600 रुपये से ऊपर पहुंच रही है। इस तरह सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर रिकवरी का नुकसान हो रहा है और इस रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की आइल कंपनियां झेल रही हैं। जिसकी भरपाई सरकार करती है। गैस पर कीमतों का बढ़ना बता रहा है अभी जनता को महंगाई से किसी तरह की राहत नहीं मिलने जा रही है, बल्कि इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जाहिर है इस तरह की वृद्धि का असर मध्यम व गरीब उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक होता है। दिक्कत यह है कि आय के साधन उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं, जिस तरह महंगाई बढ़ रही है।

## राम मंदिर पर चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब



अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब हुई है, यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है, न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है, कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है, न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है।

–अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड–251003

# गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर



योगेश कुमार गोयल



पृथ्वी पर मुख्यत: पांच प्रमुख महासागर हैं, प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महासागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। ये सभी महासागर न केवल धरती के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि मानव जीवन के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये सभी महासागर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है, जिससे मानव जीवन में समुद्रों की अहमियत, महासागरों की साफ–सफाई और उनकी सुरक्षा के प्रति जन–जागरूकता फैलाई जा सके लेकिन जिस रफ्तार से समुद्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन बनकर रह गया है। विश्व महासागर दिवस की वर्ष 2026 की थीम है पुनर्कल्पना हमारी जानी–पहचानी दुनिया से परे, हमारे महासागर के साथ एक नया रिश्ता, जो हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि महासागर केवल जलराशि नहीं बल्कि पृथ्वी के जीवन, जलवायु और जैव विविधता के आधार हैं। दुनियाभर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, औसतन हर मिनट एक ट्रक प्लास्टिक कचरा समुद्रों में फैंका जा रहा है। इसके अलावा, भारी मात्रा में सीवेज, औद्योगिक रसायन और जहरीले तत्व भी समुद्रों में पहुंच रहे हैं। अरबों टन प्लास्टिक कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है, जो न तो आसानी से विघटित होता है और न ही पूरी तरह समाप्त होता है। यह वर्षों तक समुद्र में पड़ा रहकर समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित करता है। समुद्रों में समाते इन प्लास्टिक कणों और रासायनिक तत्वों का समुद्री वनस्पतियों और जीव–जंतुओं पर बेहद घातक असर पड़ता है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक, महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जल का पीएच मान घट रहा है, पोषक तत्वों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ऑक्सीजन की कमी भी स्पष्ट रूप से दर्ज की जा रही है। इन सभी प्रभावों का सीधा असर समुद्री पारिस्थितिकी पर पड़ता है। भारतीय उपमहाद्वीप से भी हर वर्ष करोड़ों टन भारी धातुएं और लवणीय तत्व हिन्द महासागर में प्रवाहित हो जाते हैं। समुद्रों में सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक कचरे से है, जिसे समुद्री जीव भोजन समझकर निगल जाते हैं। कई बार व्हेल, समुद्री कछुए और डॉल्फिन जैसे जीव मछली पकड़ने वाले जाल या अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खा लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले रसायन समुद्री जीवों के शरीर में चले जाते हैं। इन मछलियों और समुद्री जीवों को दुनियाभर में लगभग 3 अरब लोग भोजन के रूप में उपयोग करते हैं। इस प्रकार यह प्रदूषण मानव स्वास्थ्य को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। नार्वे के पास वैज्ञानिकों को किलर व्हेल के चर्बी ऊतकों में पीसीबी जैसे विषैले रसायनों के उच्च स्तर मिले हैं, जो कई देशों में दशकों पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। साथ ही पीएफएएस नामक रसायन भी इन जीवों में पाए गए हैं, जो हार्मोन संतुलन, प्रजनन क्षमता और जीवनचक्र पर बुरा असर डालते हैं। वैज्ञानिकों ने व्हेल्स के शरीर में ब्रॉमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स भी खोजे हैं, जो पीढ़ियों में ट्रांसफर होकर अगली पीढ़ी तक जहरीले असर छोड़ते हैं। स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल द्वारा किए गए एक शोध में समुद्री कछुओं के पेट और मांसपेशियों में प्लास्टिक यौगिकों के उच्च स्तर पाए गए हैं। पूर्वी स्पेन के कैटलन तट पर और बेलिएरिक द्वीपों में मृत पाए गए लॉगरहेड प्रजाति के 44 समुद्री कछुओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए। इनके शरीर में मौजूद यौगिक हार्मोन सिस्टम, न्यूरोलॉजिकल और कैंसरजनक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। महासागरों में प्लास्टिक पहुंचने का सबसे बड़ा जरिया नदियां हैं। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा नदियों के जरिए समुद्रों तक पहुंचता है। प्लास्टिक वेस्ट मेकर्स इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में 130 मिलियन मीट्रिक टन एकल उपयोग वाला प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 35 प्रतिशत को ही जलाया गया, 31 प्रतिशत को जमीन में दबाया गया और 19 प्रतिशत को खुले में या समुद्रों में फैंक दिया गया। 'साइंस एडवांसेज' जर्नल में प्रकाशित 'ओशियन क्लीनअप' संगठन के अनुसार समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने वाली नदियों की संख्या हजारों में है लेकिन केवल एक हजार नदियां ही 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। इन नदियों में से अधिकांश छोटी और मध्यम आकार की ही हैं, न कि केवल विशाल नदियां, जैसा पहले माना जाता था। फिलीपींस, चीन, भारत और मलेशिया जैसी देशों की नदियां समुद्रों में प्लास्टिक पहुंचाने के मामले में अग्रणी हैं। अकेले फिलीपींस की 4800 नदियां हर साल 3.5 लाख मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्रों तक पहुंचाती हैं। भारत की 1100 से ज्यादा नदियां हर साल 1.25 लाख टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंचाती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ। रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन–जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित और स्वच्छ बना पाएंगे।

# मुस्लिम युवाओं को शिक्षा व मीडिया से जुड़ने की जरूरत

**एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ–साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं।**



शिबली रामपुरी

मौजूदा दौर में मुसलमानों के सामने कितनी परेशानियां है इसके बारे में सब कुछ आईने की तरह साफ है पॉलिटिक्स से लेकर हर जगह पर उनको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजनीति में हार जीत राजनीतिक पार्टियों की और उनके नेताओं की होती है लेकिन निशाने पर मुसलमानों को कई तरीके से लेने का एक चलन सा चल पड़ा है जबकि हकीकत यह है कि मुसलमानों में राजनीतिक तौर पर आज भी उतनी जागरूकता नहीं है कि जितनी होनी चाहिए और इसी का खामियाजा वह लगातार भुगत रहे हैं।

मुस्लिम युवाओं की एक बड़ी आबादी राजनीति में दिलचस्पी तो रखती है और भावनात्मक तौर पर वह नेताओं को वोट भी करती है लेकिन जितनी जागरूकता अपने वोट को लेकर या राजनीतिक पार्टियों में से कौन बेहतर है इसको लेकर होनी चाहिए वैसी जागरूकता अभी तक भी मुस्लिम युवाओं में नहीं आ सकी है या फिर बहुत ही कम देखने को ऐसा मिल रहा है कि जहां पर मुस्लिम युवा बहुत ज्यादा समझदारी के साथ राजनीति में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे हालात में युवाओं को चाहिए कि वह शिक्षा में ज्यादा से ज्यादा अपनी पहुंच बनाएं और बेहतर से बेहतर एजुकेशन हासिल कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं इसके अलावा उनको मीडिया में भी जाना चाहिए क्योंकि मीडिया आज सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है और मीडिया के माध्यम से ही मुसलमानों के बारे में तमाम तरह की गलतफहमियां फैलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। टीवी चैनलों की डिबेट का क्या स्तर हो चुका है यह सभी जानते हैं इसके अलावा मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयानबाजी का सिलसिला जारी है और मामूली से मामूली बातों पर भी मुसलमानों को बयानबाजी के मामले में निशाने पर ले लिया जाता है और फिर सियासी रोटियां भी सेंकने का काम होता है। एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ–साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं लेकिन अभी उस स्तर तक मुस्लिम मीडिया में नहीं पहुंच सके हैं कि जितना उनको होना चाहिए हालांकि यह बात भी अपनी जगह कायम है कि जहां–जहां भी मुसलमानों को मीडिया में मौका मिल रहा है वहां पर वह बेहतरीन काम कर रहे हैं अपने शहर अपने मां–बाप और देश का नाम रोशन करने में खूब मेहनत कर रहे हैं। राजनीति में भी मुस्लिम युवाओं को जाना चाहिए लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए राजनीति से ज्यादा जरूरी एजुकेशन और मीडिया में जाकर मेहनत करना है।



# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच



तनवीर जाफरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हजारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकट्ठा होने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जेन जी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किए जाएंगे। गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं।

उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014–2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET-UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021–2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोजगार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था कि अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। यह युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोजगारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नजाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि उनकी बात को तोड़–मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फर्जी डिग्रियों और गलत तरीकों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोजगार युवा और व्यवस्था से नाराज नई युवा पीढ़ी जेन जी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मजाकिया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गए। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका ट्विटर अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफाई दिए जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाई उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतर्राष्ट्रीय कानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नजर आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस, युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाजुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोजगार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं।

# ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का एआई वीडियो शेयर किया

■ शेर की सवारी करते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति चांद पर झंडा भी लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, होर्डिंग, माउंट रशमोर और नार्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। वीडियो के गाने में दावा किया गया है कि मेक्सिको, मिडिल ईस्ट, चीन और भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं। महज एक मिनट लंबे वीडियो में 'ट्रम्प' शब्द 45 बार और 'डोनाल्ड' नाम 29 बार सुनाई देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कि एवरीबडी लव्स डोनाल्ड ट्रम्प नाम का यह गाना ट्रुथ सोशल पर 'एसी132' नाम के यूजर ने बनाया था। वीडियो के आखिर में इसका क्रेडिट एंथनी कान्स्टैंटिनो को दिया गया है, जो न्यूयार्क से ट्रम्प समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती

## किम जोंग उन की बहन बोलीं: परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे

■ उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है। किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है।



उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा। उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उत्तर कोरिया के दौरे पर जाने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन इस दौरे के जरिए उत्तर कोरिया पर अपना प्रभाव फिर मजबूत करना चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन सीधे परमाणु निरस्त्रीकरण का मुद्दा नहीं उठाएगा बल्कि आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। दूसरी तरफ उत्तर कोरिया रूस के और करीब जाता दिख रहा है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए हथियार और सैनिक भेजे हैं। इसके बदले रूस से उसे आर्थिक और सैन्य सहायता मिल रही है। किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर लगातार हथियार बढ़ाने का आरोप लगाया।

# ट्रम्प की टेक टीम को बड़ा झटका

■ व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार श्रीराम कृष्णन देंगे इस्तीफा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रम्प प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर काम किया। उन्होंने फ्रांस, भारत, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में आयोजित एआई बैठकों का भी जिक्र किया। श्रीराम कृष्णन ट्रम्प प्रशासन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अमेरिका में एआई सेक्टर के विस्तार के लिए रोडमैप तैयार किया। उन्होंने डेटा सेंटर बढ़ाने, एआई निवेश को आसान बनाने और नियमों में ढील देने जैसी नीतियों पर काम किया।

# अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

## ईरान का आरोप: अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, इजरायल पर आतंकी हमला, एक की मौत

■ इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत

**तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकोम) के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की।

सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फारेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

दूसरी तरफ सेंट्रल इजरायल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार, इनमें एक की हालत गंभीर है। लेबनान में मौतों का आंकड़ा 3,593 पहुंचा, 2 मार्च से जारी इजरायली हमलों में अब तक 3,593 लोगों की मौत और 10,990 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की जान गई और 120 घायल हुए। शनिवार को इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत हुई। हमलों के बाद कई इलाकों में लोगों को घर खाली करने के



आदेश दिए गए। तेहरान ने आरा. `प लगाया कि अमेरिका ने सीरिक और केश्म द्वीप पर तटीय रडार ठिकानों पर हमला कर युद्धविराम का उल्लंघन किया। ईरान ने कहा कि इसके बाद पैदा होने वाले हालात की जिम्मेदारी अमेरिका की होगी। संभावित शांति समझौता ईरान की 24 अरब डॉलर (करीब 2.29 लाख करोड़) की फीज संपत्ति जारी होने पर टिका है। ईरान चाहता है कि समझौते के साथ ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि अमेरिका इस पर अभी सहमत नहीं है। ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत में सबसे बड़ी परेशानी उसका बार-बार बदलता रुख है।

ईरान का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी अलग-अलग बयान देते हैं, जिससे किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से मैसेज का एक्सचेंज जारी है, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। बगाई ने कहा कि अमेरिका को ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत ईरान को शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम चलाने और यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। ईरान ने यह भी मांग दोहराई कि विदेशों के बैंकों में जमा उसके अरबों डॉलर के फंड पर लगी रोक हटाई जाए और यह पैसा ईरान को वापस दिया जाए। उनका कहना है कि अमेरिका राहत देने की बात तो करता है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (रसेंटकोम) के मुताबिक, मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले शनिवार को भी अमेरिका ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। लगातार दूसरे दिन ड्रोन गिराए जाने के दावे के बाद होर्मुज में तनाव और बढ़ गया है। सेंट्रल इजरायल के कोखाव याइर स्थित पेट्रोल पंप पर हुई गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार पुलिस ने बरामद कर लिया है। राहत एजेंसियों के मुताबिक, हमला सिर्फ कोखाव याइर में नहीं बल्कि पास के त्जूर नातान और त्जूर यित्ज़हाक कस्बों में भी हुआ। पुलिस ने बताया कि एक दूसरे संदिग्ध को पकड़ लिया गया है। इसके बाद भी पुलिस, सेना और विशेष सुरक्षा टीमें इलाके में बाकी संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।




**आंध्र प्रदेश। श्री सत्य साई जिले में स्थित प्रशांति निलयम के दौरे के दौरान लोगों के साथ प्रार्थना करती बोलिवेरियन गणराज्य वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज।**

# अमेरिकी फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 लोग घायल

**टोलेडो।** अमेरिका में ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में आयोजित ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान कम से कम 12 लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें दो की हालत गंभीर है। ओहायो के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह गोलीबारी ऐसे समय में हुई जब पूरे अमेरिका में बंदूक हिंसा को लेकर अधिकारी और समुदाय चिंतित हैं। टोलेडो पुलिस विभाग ने बताया कि 10 लोगों की हालत स्थिर है, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। टोलेडो पुलिस के डिप्टी चीफ जो हेफरनन ने कहा कि ऐसा लगता है कि दो शूटर थे जो 'शायद एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे' और उनमें से कोई भी अभी हिरासत में नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक गोलियों की तेज आवाज सुनकर फेस्टिवल में आए लोग घबराकर ऐतिहासिक इलाके में भागने लगे। गोलीबारी से घबराई भीड़ चिल्ला रही थी और फूड ट्रकों तथा गोल्फ कार्ट के बीच छिपने की कोशिश कर रही थी। टोलेडो के मेयर वेड कैप्सजुकिविज ने कहा कि सभी घायलों की हालत बेहतर हैं।

# कनाडा ने टेक्सास के मवेशियों पर लगाया प्रतिबंध

■ अमेरिकी मवेशियों में 'स्क्रूवर्म' मिलने के बाद खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने लिया फैसला

**ओटावा/वॉशिंगटन।** कनाडा की खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने बछड़ों में मांस खाने वाले 'स्क्रूवर्म' (एक प्रकार का परजीवी) मिलने के बाद अमेरिकी राज्य टेक्सास से आने वाले मवेशियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राज्य टेक्सास के ला प्रियोर शहर और जवाला काउंटी में बछड़ों के भीतर ये स्क्रूवर्म मिला है।

इसके मद्देनजर टेक्सास में भी आपदा घोषित कर दिया गया है। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कनाडा की सीमा पार करने से पहले 21 दिनों के भीतर जो भी गाय और घोड़े टेक्सास में रहे होंगे, उन्हें देश में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के उस बयान के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के सबसे बड़े गोमांस और मवेशी उत्पादक राज्य टेक्सास में दो अलग-अलग बछड़ों में यह परजीवी पाया गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इस प्रकोप से पैदा हुए 'आसन्न खतरे' के मद्देनजर शुक्रवार को आपदा की घोषणा कर दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान इसके और फैलने की आशंका है। 'न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म' एक परजीवी मक्खी है, जिसकी मादा जीवित गर्म खून वाले जानवरों और इंसानों के खुले घावों व लेष्मा झिल्ली में अंडे देती है। जब इन अंडों से लार्वा निकलते हैं, तो सैकड़ों की संख्या में ये नुकीले मुंह वाले लार्वा मांस को कुतरते हुए भीतर तक रास्ता बना लेते हैं। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो अंतत: संक्रमित जीव की मौत हो जाती है।

# अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या

## हमलावरों ने फेक पिज्जा ऑर्डर देकर बुलाया, फिर सिर में गोली मारी



■ हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए
■ अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को एक फेक पिज्जा आर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं।

शनिवार देर रात उन्हें फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग काम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का आर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। इसी दौरान दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया और उनके सिर में कई गोलियां मार दीं। हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे। अंशुल ने बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की थी। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलाडेल्फिया हाउसिंग अथारिटी के सीसीटीवी कैमरों में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखाई देते हैं। फुटेज में उनके पीछे काले कपड़े पहने और बैकपैक लिए दो लोग भी नजर आते है पुलिस इन्हीं तस्वीरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है। हालांकि ये फुटेज सार्वजनिक नहीं की गई है। अंशुल की बहन तन्वी का कहना है कि यह पूरी तरह एक जाल था। उन्होंने कहा कि जिस जगह पिज्जा पहुंचाने के लिए बुलाया गया, वहां कोई नहीं था। बाद में पता चला कि वह सिर्फ एक फर्जी आर्डर था। मेरे भाई को सिर्फ मारने के लिए वहां बुलाया गया था। हमें नहीं पता कि हमलावरों को इससे क्या मिला, लेकिन उन्होंने हमारे भाई की जान ले ली। परिवार ने विदेश मंत्रालय से अंशुल का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने की अपील की है। तन्वी ने कहा कि अधिकारियों ने सोमवार तक शव सौंपने की बात कही है, लेकिन परिवार चाहता है कि प्रक्रिया जल्दी पूरी हो ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की भी मांग की। मीडिया से बातचीत में तन्वी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मेरा भाई अमेरिका जाना ही नहीं चाहता था, लेकिन परिवार के कहने पर वह वहां गया।

# मेजर अभिलाषा बराक को मोदी ने दी बधाई

■ संयुक्त राष्ट्र के सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार से सम्मानित हो पर उपलब्धि की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता बताया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेजर बराक की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक शांति स्थापना में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई। मेजर बराक वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान (यूएनआईएफआईएल) में एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में सेवाएं दे रही हैं। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे योगदान की भी पहचान है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

# गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में मतदान जारी

## एसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वजीरिस्तान में गोलीबारी, पांच की मौत



■ संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थानीय संगठन जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उसके दर्जनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को संगठन को गैरकानूनी घोषित किया था।

प्रशासन द्वारा जुलाई में आम चुनाव कराने की घोषणा के बीच जेएएसी ने अपनी मांगों को लेकर 9 जून को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके बाद सरकार ने संगठन पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पिछले वर्ष जेएएसी और उसके विरोधी समूहों के बीच हुए प्रदर्शनों और जवाबी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी और अनेक घायल हुए थे। संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था। इनमें सस्ती दरों पर आटा और बिजली उपलब्ध कराना तथा क्षेत्रीय विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को समाप्त करना शामिल था। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को रावलाकोट में गोलीबारी की एक घटना में जेएएसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि जेएएसी को अवैध घोषित किए जाने के बाद उससे जुड़े लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन की घोषणा के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय और मीरपुर इंटरमीडिएट बोर्ड ने 8 जून से शुरू होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। संभावित विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग की है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारतीय क्षेत्रों के एक हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499